राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

**कार्यालय ऑफिस**

क्रांति समय दैनिक समाचार में
प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात,संस्करण शुक्रवार,04 नवंबर 2022 वर्ष-5,अंक-277 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## ओमिक्रोन के सब वेरियंट XXB और BQ.1 कितने खतरनाक, विशेषज्ञ बोलीं- सर्दी और जुकाम को हल्के में न लें

**मुंबई।** कोरोना महामारी का संकट अभी भारत से टला नहीं है। कोरोना वायरस के नए-नए वेरियंट सामने आते जा रहे हैं। कोरोना वायरस के सब-वेरियंट ओमिक्रोन के भी कई वेरियंट सामने आ चुके हैं। भारत में हाल ही में ओमिक्रोन दो नए सब वेरियंट एक्सएक्सबी और बीक्यू.1 सामने आए हैं। चीन के कई शहरों में कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामले सामने आने के बाद लॉकडाउन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बताया जा रहा है कि चीन में कोरोना का कोई नया वेरियंट सामने आया है, जिसके बाद प्रशासन अलर्ट हो गया है। ऐसे में भारत में ओमिक्रोन के नए वेरियंट को लेकर भी कुछ लोग डरे हुए हैं।

**ओमिक्रोन के दो नए सब वेरियंट कितने खतरनाक?**

क्या चीन की तरह भारत में भी कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में इजाफा हो सकता है? ओमिक्रोन के दो नए सब वेरियंट एक्सएक्सबी और बीक्यू.1 कितने खतरनाक है? ये ऐसे सवाल हैं, जो कई लोगों के दिमाग में उठ रहे होंगे। वैसे बता दें कि बीते 24 घंटों में भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,321 नए मामले सामने आए हैं। मुलुंड के फोर्टिस अस्पताल में संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. अनीता मैथ्यू ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के नए रोगियों में से कई में कोई लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं। डॉ. अनीता मैथ्यू ने बताया कि इन दिनों काफी लोग खांसी और जुकाम जैसी समस्याएं लेकर अस्पताल में आ रहे हैं। ऐसे में जब उनका टेस्ट किया जाता है, तब पता चलता है कि वे कोरोना संक्रमण की गिरफ्त में आ गए हैं। गंध और स्वाद का चला जाना जैसे लक्षण, जो पहले के संक्रमणों में प्रमुखता से देखे गए थे, कई रोगियों में नहीं देखे गए हैं। कई सर्दी और खांसी की समस्या लेकर आ रहे हैं।

# रुद्रराम से फिर शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा, बच्चे को 'कराटे' सिखाते दिखे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा के 57 वें दिन गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ तेलंगाना के रुद्रराम से यात्रा की शुरूआत की। इस दौरान राहुल गांधी के साथ कार्यकर्ताओं का हुजूम दिखाई दिया। वहीं इस यात्रा में नौसेना के पूर्व अध्यक्ष एडमिरल रामदास व उनकी पत्नी ललिता रामदास भी शामिल हुईं। कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल पर आज की यात्रा की कुछ तस्वीरें व वीडियो पोस्ट किए हैं। इसमें राहुल गांधी एक बच्चे को करोट की सही टेक्निक सिखाते हुए नजर आ रहे हैं। कांग्रेस ने इस वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा है कि टेक्निक गलत हो तो देश तबाही के रास्ते पर चला जाता है, ये तो बच्चों के भविष्य का सवाल ठहरा।



**राहुल की फिटनेस की चर्चा**

भारत जोड़ो यात्रा में स्प्रिटिंग, पुश-अप्स करना, एक टैंक पर चढ़ना, बच्चों को अपने कंधों पर ले जाना, रोजाना 25 किमी पैदल चलना, उनकी फिटनेस सुर्खियों में रही है। बच्चे के साथ राहुल गांधी का क्रिकेट खेलना और सड़क पर दौड़ लगाना सभी को चौंका देता है।

**राहुल गांधी ने हैदराबाद में बच्चे के साथ खेला क्रिकेट**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान 2 नवंबर को हैदराबाद के पटनचेरुवु में एक बच्चे के साथ क्रिकेट खेला। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी को पीछे की सीट से गाड़ी चलाना या अपने अधिकार का दावा करना पसंद नहीं है और उनका सबसे बड़ा मूल्य कांग्रेस के लिए एक वैचारिक कम्पास की भूमिका निभाना होगा।

**एक्ट्रेस का हाथ पकड़ा तो भाजपा ने राहुल को घेरा**

भारत जोड़ो यात्रा में तमिल-तेलुगु फिल्मों की अभिनेत्री पूनम कौर और राहुल गांधी की एक फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई थी। इसमें दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़े नजर आ रहे थे। इस फोटो को पोस्ट करके कर्नाटक भाजपा नेत्री प्रीति गांधी ने लिखा- अपने परदादा के पदचिह्नों पर चलते हुए!

पूनम कौर ने भी उन्हें करारा जवाब दिया। प्रीति गांधी की पोस्ट को री-ट्वीट करके पूनम कौर ने लिखा- वास्तव में आप अपमान कर रही हैं। याद रखें, प्रधानमंत्री नारी शक्ति के बारे में बात करते हैं। मैं फिसल गई थी और गिरने वाली थी, तभी राहुल सर ने इस तरह मेरा हाथ पकड़ लिया। उन्होंने राहुल गांधी के लिए लिखा, थैंक यू सर।

**भारत जोड़ो यात्रा ने पूरे किए 56 दिन**

भारत जोड़ो यात्रा ने कुल 56 दिन पूरे कर लिए हैं। यात्रा की शुरुआत 7 सितंबर 2022 को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। तेलंगाना से

● **कांग्रेस नेता राहुल गांधी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गुरुवार को तेलंगाना रुद्रराम यात्रा की शुरूआत की। कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल पर आज की यात्रा की कुछ तस्वीरें व वीडियो पोस्ट किए हैं।**

पहले कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों को कवर कर लिया है। सभी राज्यों को कवर करने के बाद आखिरकार यह यात्रा जम्मू-कश्मीर में खत्म होगी।

## ओरेवा को बिना टेंडर दिया था मोरबी पुल का कॉन्ट्रैक्ट

**मोरबी।** मोरबी के सस्पेंशन ब्रिज की मरम्मत का काम ओरेवा कंपनी को बिना टेंडर के ही दे दिया गया था। यह खुलासा गुजरात पुलिस के कोर्ट में दिए हलफनामे से हुआ है। मोरबी के एडिशनल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर एचएस पंचाल ने बताया कि ब्रिज की मरम्मत के लिए कोई टेंडर जारी नहीं किया गया। नगर पालिका ने सीधे ही ओरेवा कंपनी से पुल की मरम्मत का कॉन्ट्रैक्ट कर लिया था।

पंचाल ने बताया कि फोरेंसिक रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिज की केबलें काफी पुरानी थीं और उनमें जंग लग चुका था। मरम्मत के दौरान केबलों की ऑयलिंग-ग्रीसिंग भी नहीं की गई थी। ब्रिज के लकड़ी के बेस को बदलकर एल्युमिनियम की चार लेयर वाली चादरें लगा दी गईं। इससे पुल का वजन बढ़ गया। पुरानी केबलें यह लोड संभाल नहीं सकीं और भीड़ बढ़ते ही ब्रिज टूट गया।

**रिमांड अर्जी में लिखा- कंपनी ने केवल फ्लोर बदला**

ब्रिज टूटने के मामले में पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन्हें मंगलवार को मोरबी की मजिस्ट्रियल कोर्ट में पेश किया गया। आरोपियों की रिमांड के लिए पुलिस ने हलफनामा पेश किया। सरकारी वकील पंचाल ने बताया कि पुलिस ने रिमांड अर्जी में लिखा है कि मरम्मत के दौरान ब्रिज के स्ट्रक्चर की मजबूती पर काम ही नहीं किया गया। केवल फ्लोर से लकड़ी हटाकर एल्युमिनियम की चादरें लगा दी गईं।

**वजन बढ़ा तो केबलें टूटीं और लोग नदी में जा गिरे**

सरकारी वकील पंचाल ने बताया कि फोरेंसिक साइंस लैब की जांच में पता चला है कि जिन चार केबलों पर ब्रिज टिका था, छह महीने की मरम्मत के दौरान उन्हें नहीं बदला गया था। फोरेंसिक एक्सपर्ट के मुताबिक बेहद पुरानी हो चुकीं केबलें नई फ्लोरिंग समेत लोगों का भार नहीं सह सकीं और ज्यादा वजन से केबलें टूट गईं। गुजरात पुलिस ने मंगलवार को मजिस्ट्रियल कोर्ट में पुल हादसे की फोरेंसिक रिपोर्ट दाखिल की थी।

## वृंदावन में होटल में भीषण आग, 2 कर्मचारी जिंदा जले

**मथुरा।** मथुरा में गुरुवार तड़के वृंदावन के गार्डन होटल में भीषण आग लग गई। हादसे में दो कर्मचारियों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि एक कर्मचारी झुलस गया। उसकी हालत गंभीर है। उसे आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। आग होटल की ऊपरी मंजिल के गोदाम में लगी। फिर धीरे-धीरे यह नीचे तक पहुंचने लगी।

**तीन फ्लोर की बिल्डिंग, टॉप पर लगी आग**-होटल की जिस बिल्डिंग में आग लगी वह तीन फ्लोर की है। इसमें पहली में रेस्टोरेंट्स, दूसरी में किचन और तीसरी में गोदाम है। आग की शुरुआत गोदाम से हुई है। वहीं, इसी बिल्डिंग से सटी बगल में दूसरी ब्लॉक है, उसमें 25 कमरे बने हुए हैं। इनमें सूरत और हिसार और जम्मू के पर्यटक ठहरे हुए थे। इनकी श्री मद भागवत कथा चल रही थी। उड़ीसा के भागवत प्रवक्ता भागवत कर रहे थे। आज भागवत कथा का आखिरी दिन था। सुबह तड़के यह हादसा हो गया। होटल मथुरा वृंदावन रोड पर मुख्य मार्ग पर बना हुआ है।



**26 अक्टूबर को होटल में आए थे यात्री**-होटल में ठहरे सूरत के यात्री कृष्ण सिंघल ने बताया कि सुबह 5 बजे तेज आवाज आने लगी। ऐसा लगा कहीं किसी से झगड़ा हो गया है। बिल्डिंग से नीचे आकर गार्डन में देखा तो होटल में आग दिखाई दी। फिर मैंने आपने साथ वालों को होटल में जाकर उठाना शुरू किया। हम इस होटल में 26 अक्टूबर से ठहरे हुए थे। हमारी भागवत चल रही थी। आज हवन होना था। साधु-संतो को भंडारे के लिए बुलाया था। आज शाम 5 बजे सूरत के लिए ट्रेन है।

SP अभिषेक यादव ने बताया कि सुबह होटल के टॉप फ्लोर पर आग लगने की सूचना मिली। जिसकी बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को बुझाया। टॉप फ्लोर में गोदाम में दो कर्मचारी सो रहे थे। इस दौरान उनकी मौत हो गई। होटल में ठहरे सभी यात्री सुरक्षित हैं। टॉप फ्लोर पर होटल के कागज-फाइल और इलेक्ट्रॉनिक सामान रखा गया था। आग किन कारणों से लगी है। जांच की जा रही है। उन्होंने कहा का वृंदावन में फायर बिग्रेड के स्टेशन के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। जल्द ही फायर स्टेशन का निर्माण हो जाएगा। जिससे मथुरा से फायर ब्रिगेड को न बुलाना पड़े।

## दिल्ली में एक ही एप पर मिलेगी बसों की लोकेशन से लेकर टिकट

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की लाइफ लाइन कही जाने वाली डीटीसी और क्लस्टर बसों की अब लाइव ट्रैकिंग कर सकेंगे। इसके लिए बस वन दिल्ली एप अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड करना है। इसके बाद बस स्टैंड पर अगली बस कौन सी आने वाली है इसकी लाइव डिटेल की जानकारी मिल सकेगी। इसकी जानकारी दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने दी। उन्होंने वन दिल्ली एप को लॉन्च करते हुए कहा कि आज का दिन दिल्ली के लोगों के लिए ऐतिहासिक है। क्योंकि अब एक ही एप पर वह चलने वाली डीटीसी क्लस्टर और रेड बसों की लाइव ट्रैकिंग लोकेशन जान सकेंगे। इससे लोगों को काफी मदद मिलेगी और उनका काफी समय भी बचेगा। गहलोत ने कहा कि यह देश में पहली बार है जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में आज से वन दिल्ली एप से कोई भी व्यक्ति दिल्ली सरकार की 7400 बसें की लाइव लोकेशन की जानकारी ले सकता है। मुख्यमंत्री का न्यूयॉर्क और लंदन से भी अच्छी परिवहन सेवा विकसित करने का लक्ष्य है। गहलोत ने वन दिल्ली एप लॉन्च करने के दौरान कहा कि शुरुआती तौर पर इस एप के माध्यम से बसों की लाइव ट्रैकिंग देख सकेंगे। रेड बस, डीटीसी बस, डिम्ड बस की लाइव लोकेशन जान सकेंगे। इसके अलावा पिंक टिकट, रोजाना यात्रा करने वाला पास भी खरीद सकेंगे। साथ ही ट्रिप प्लान के बारे में भी जानकारी मिलेगी.।इसके अलावा ईवी चार्जर की सुविधा और इसके संबंध में भी जानकारी ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि रोजाना डेढ़ लाख टिकट की बिक्री हो रही है। इसके अलावा कई बार देखा जाता है कि बस यात्रा के दौरान खराब हो जाती है। कई बार बस चालक बस स्टॉप पर बस नहीं रोकता है, बस ज्यादा स्पीड में चलाती है। बस में साफ सफाई और सुरक्षा के लिए तैनात मार्शल अगर यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं कर रहे हैं तो अब पहली बार यात्री इस संबंध में अपना फीडबैक इस वन दिल्ली एप के माध्यम से दे सकेंगे।

## गोवा में भ्रष्टाचार पर अंकुश, 5 वर्षों से नहीं मिली रिश्वतखोरी या आय से अधिक संपत्ति की कोई शिकायत

**पणजी।** क्या गोवा भ्रष्टाचार मुक्त हो गया है? गोवा के एसपी (सीबीआई) आशीष कुमार का कहना है कि यहां पिछले 5 वर्षों से रिश्वतखोरी या आय से अधिक संपत्ति की एक भी शिकायत नहीं मिली है। इसका मतलब है कि गोवा में कोई भ्रष्टाचार नहीं है। भ्रष्टाचार के प्रति जनता की सहनशीलता बहुत बड़ी है। साथ ही आशीष कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार के विभाग यहां भ्रष्ट नहीं हैं। बता दें कि गोवा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और प्रमोद सावंत मुख्यमंत्री हैं।

**गोवा में कोई भ्रष्टाचार नहीं है**

भाजपा नेता और सोशल मीडिया स्टार सोनाली फोगाट की पिछले दिनों गोवा के एक रिजॉर्ट में मौत हो गई थी। इसके बाद कई सवाल खड़े हुए थे, सोनाली फोगाट ने जिस रिजॉर्ट में ड्रग ली थी, उसे गिराने की



● **पिछली शिकायत 2018 में आई थी। यही वजह है कि हमारे यहां सिर्फ 5 जांच अधिकारी हैं, क्योंकि काम ही नहीं है। यहां हमारा सिर्फ एक छोटा-सा ऑफिस है। भविष्य में अगर मामलों में इजाफा होता है, तो गोवा में और अधिकारी तैनात किए जा सकते हैं। हालांकि, अभी तो यहां के हालात एकदम सामान्य हैं।**

कार्रवाई भी शुरू हो गई थी। प्रशासन पर भी कई सवाल उठे थे। इस मुद्दे पर जब आशीष कुमार से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, देखिए, मुझे गोवा में किसी भी भ्रष्ट गतिविधि के बारे में कभी कोई फोन नहीं आया, जिसमें मेरा सहयोग मांगा गया हो। यहां तक कि न जनता से और न ही मीडिया से ऐसी कोई मांग की गई। सीबीआई का नियमित काम भ्रष्टाचार विरोधी है, न कि (सोनाली) फोगाट मामला या कुछ और। गोवा में कोई भ्रष्टाचार नहीं है और यहां हमारी जरूरत नहीं है।

**गोवा में 2018 में मिली थी पिछली शिकायत**

दरअसल, 31 अक्टूबर से 11 नवंबर तक देशभर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह समारोह चल रहा है। इस दौरान एक कार्यक्रम में एसपी (सीबीआई) ने कहा, हम गोवा में बेकार बैठे हैं, क्योंकि यहां भ्रष्टाचार है ही नहीं। पिछली शिकायत 2018 में आई थी। यही वजह है कि हमारे यहां सिर्फ 5 जांच अधिकारी हैं, क्योंकि काम ही नहीं है। यहां हमारा सिर्फ एक छोटा-सा ऑफिस है। भविष्य में अगर मामलों में इजाफा होता है, तो गोवा में और अधिकारी तैनात किए जा सकते हैं। हालांकि, अभी तो यहां के हालात एकदम सामान्य हैं। आशीष कुमार ने कहा कि अगर कोई मामला किसी शख्स के सामने आता है, तो उसे बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नहीं है। सीबीआई लिखित शिकायत के बिना मौखिक सूचना पर भी कार्रवाई करती है। शिकायतकर्ताओं को निडर होकर आगे आना चाहिए।

# घने कोहरे के साथ प्रदूषण ने बढ़ाई लोगों की टेंशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण और घना कोहरा लोगों की मुसीबतें बढ़ा रहा है। लोग जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। वहीं चालकों के लिए सड़क पर गाड़ी चलाना मुश्किल हो गया है। गुरुवार सुबह दिल्ली और इसके आसपास के इलाके में घना कोहरा छाया रहा। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) जहां गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। वहीं नोएडा की हवा भी जहरीली हो गई है। यहां एक्यूआई खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।

**गंभीर श्रेणी में पहुंचा एक्यूआई**

दिल्ली में सुबह 8 बजे एक्यूआई (364) बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। इससे पहले सुबह सात बजे एक्यूआई (408) गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। हवा की धीमी गति के साथ प्रतिकूल मौसम संबंधी स्थितियां और खेत में पराली जलाने की घटनाओं में हुई बढ़ोतरी एयर क्वालिटी में गिरावट के लिए जिम्मेदार हैं। 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में रखा जाता है।

**नोएडा-गुरुग्राम की हवा भी हुई जहरीली**

सफर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली से सटे नोएडा में एक्यूआई 393 बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। गुरुग्राम का एक्यूआई 318 के साथ बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली में गुरुवार को शहादरा में एक्यूआई 843 दर्ज किया गया। उत्तरी दिल्ली



की वायु गुणवत्ता सबसे खराब दर्ज की गई क्योंकि यहां लगभग सभी इलाकों में एक्यूआई 400 से ऊपर है।

**कई जगह एक्यूआई 300 के पार**

मध्य दिल्ली में मंदिर मार्ग जैसे कुछ इलाकों को छोड़कर दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रों में एक्यूआई 300 से ऊपर है। सफर के आंकड़ों के अनुसार, मॉडल टाउन के धीरपुर में एक्यूआई 457 है। हवा के इस स्तर पर स्वस्थ लोग भी बीमार पड़ सकते हैं। आईजीआई एयरपोर्ट (टी3) के पास आज भी एक्यूआई 346 बहुत खराब श्रेणी में है। हवा की बिगड़ती हालत के चलते अगले आदेश तक सभी निर्माण कार्य और विध्वंस गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है।

**दिल्ली में बंद होंगे स्कूल**-राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने दिल्ली सरकार से हवा की गुणवत्ता में सुधार होने तक स्कूलों को बंद करने का आग्रह किया है। एनसीपीसीआर अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने दिल्ली के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर वायु गुणवत्ता बेहतर होने तक स्कूल बंद करने की मांग की है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक स्तर के कारण स्कूली बच्चों की सुरक्षा चिंता का विषय है, अभी तक दिल्ली की राज्य सरकार ने इसपर कोई निर्णय नहीं लिया है। बच्चे स्कूल आने जाने में, खेल के मैदानों में जहरीली हवा के प्रकोप में हैं। ये लापरवाही गलत है, इसपर एनसीपीसीआर नोटिस जारी कर रहा है।

## संपादकीय

# छप्पन का हरियाणा

आजादी के बाद पंजाब का हिस्सा रहे हरियाणा के नायकों को इस बात का बखूबी अहसास था कि बड़े वट वृक्ष के तले छोटे वृक्ष का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। किसानी संस्कृति वाले इस भू-भाग में तीव्र विकास की उत्कंठा को पंख तब लगे जब एक नवंबर 1966 में भारत के 17वें राज्य के रूप में हरियाणा अस्तित्व में आया। आज 56 साल का हो चुका हरियाणा स्वावलंबन की दिशा में बढ़ चला है।

स्वावलंबन की दिशा में बढ़ता प्रदेश/ पुरानी कहावत है कि छोटा परिवार सुखी परिवार, हरियाणा ने एक छोटी प्रशासनिक इकाई के रूप में विकास व समृद्धि की नई इबारत लिखकर इसे सार्थक ही किया है। निस्संदेह, इसके मूल में इस हिंदी भाषी प्रदेश की सांस्कृतिक अस्मिता की आकांक्षा तथा प्रदेश के मेहनतकश नागरिकों की भी बड़ी भूमिका है। एक जीवटता की संस्कृति भी, जो आज राज्य में समृद्धि की बयार लाई है। आजादी के बाद पंजाब का हिस्सा रहे हरियाणा के नायकों को इस बात का बखूबी अहसास था कि बड़े वट वृक्ष के तले छोटे वृक्ष का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। किसानी संस्कृति वाले इस भू-भाग में तीव्र विकास की उत्कंठा को पंख तब लगे जब एक नवंबर 1966 में भारत के 17वें राज्य के रूप में हरियाणा अस्तित्व में आया। आज 56 साल का हो चुका हरियाणा स्वावलंबन की दिशा में बढ़ चला है। तीन ओर से देश की राजधानी से जुड़े इस प्रदेश ने सदियों पूर्व दिल्ली के सत्ता संघर्ष की बड़ी कीमत चुकाई थी। वहीं आजादी के बाद दिल्ली से चली विकास की बयार का लाभ हरियाणा को विशेष रूप से मिला। खासकर करीब साठ फीसदी हिस्से के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने के बाद। दिल्ली की आधुनिकता और प्रगतिशीलता ने इस प्रांत की उन्नति को नये आयाम दिये। किसानों ने जहां खून-पसीने से खेतों में फसलों को लहलहाया तो यहां के वीरों ने देश की सीमाओं को सुरक्षित बनाया। दिल्ली की राजनीतिक छाया में राज्य में राजनीतिक चेतना को नये आयाम मिले। किसानों के मसीहा सर छोटूराम से लेकर चौ. देवीलाल तक जारी किसान चेतना की अनुगूंज पिछले दिनों जारी किसान आंदोलनों तक उभरी। यही वजह है कि अपनी 5 दशक की यात्रा के दौरान राज्य कृषि उपजों के उत्पादन में पंजाब के समकक्ष खड़ा नजर आता है। दरअसल, आजादी के बाद शासन की प्रक्रिया में हरियाणा को लोकतांत्रिक रूप में नैसर्गिक न्याय नहीं मिल पाया। पंजाब का राजनीतिक प्रतिनिधित्व बड़ा होने के कारण इस हरित प्रदेश को सरकार में न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया। यहां तक कि अपने हिस्से के पानी के लिये इसका संघर्ष आज भी जारी है। 'आया राम गया राम' के मुहावरे को नजरअंदाज कर दें तो राज्य के कद्दावर राजनीतिक नेतृत्व ने हरियाणा की विकास यात्रा में कुछ न कुछ जरूर जोड़ा। किसानों के मसीहा सर छोटूराम से लेकर संविधान सभा के सदस्य रणबीर सिंह हुड्डा और किसान नेता चौ. देवीलाल ने खेत-खलिहानों से किसान के घर तक समृद्धि लाने में अपनी-अपनी तरह से योगदान दिया। चौ. बंसीलाल को राज्य में सड़कों के विकास व संरचनात्मक विकास में योगदान के लिये जाना जाता है। भजनलाल की मुख्यमंत्री की पारी में राजनीतिक चेतना समेत कई रचनात्मक आयाम रहे। वहीं ओमप्रकाश चौटाला ने पिता की विरासत को समृद्ध किया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल को विकास के कई आयामों के साथ खेल संस्कृति को समृद्ध करने के लिये जाना जाता है, जिसकी धमक आज पूरी दुनिया में सुनी जा रही है। इसी तरह नई राजनीतिक संस्कृति में डबल इंजन सरकार के रूप में मनोहर लाल सरकार ने राज्य की विकास यात्रा को नये आयाम दिये। खासकर खेलों के आकर्षक पुरस्कार और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा से पूर्व उम्मीदों के खिलाड़ियों को आर्थिक मदद का अभिनव प्रयोग रंग ला रहा है। इसी का सुफल है कि हर वैश्विक स्पर्धा में हरियाणा के खिलाड़ियों की धमक नजर आ रही है। राजनीतिक नेतृत्व के अलावा लोक संस्कृति के अग्रदूतों ने हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध ही किया है। पहलवानों व मुक्केबाजों के प्रदेश में अब नीरज चोपड़ा के भाले की चमक से पूरी दुनिया मंत्रमुग्ध है।

## सूक्ति

आपका कोई भी काम महत्वहीन हो सकता है पर महत्वपूर्ण यह है कि आप कुछ करें।
- महात्मा गांधी

चरित्रहीन शिक्षा, मानवता विहीन विज्ञान और नैतिकता विहीन व्यापार ख़तरनाक होते हैं।
- सत्यसाई बाबा

## लॉफिंग ज़ोन

'यार, एक बात समझ में नहीं आई,तुमने अपनी फर्म के लिए विकलाँग खजांची का चुनाव क्यों किया?' पहले मित्र ने जानना चाहा.

'ताकि फरार होने पर वह जल्द से जल्द पकड़ा जा सके.' दूसरे मित्र ने कारण बताया.

☺ ☺ ☺

द्वार पर बहुत देर तक दस्तक पड़ने के कारण पति महोदय की नींद खुली,तो पत्नी को जगाते हुए बोली,'सुनती हो, बहुत देर से कोई हमारे द्वार पर दस्तक दे रहा है.'

'ओह ! तो तुम घर पर ही हो.' पत्नी उनींदे स्वर में बोली, 'मैं तो यह सोचकर निश्चित थी कि द्वार पर तुम खड़े चिल्ला रहे हो.'

☺ ☺ ☺

'मेरी घरवाली मेरे सिवा किसी और मर्द की ओर देखना तक पसंद नहीं करती.' पहले दोस्त ने बताया.

'पर यह बात आपको कैसे मालूम हुई ?' दूसरे दोस्त ने जानना चाहा.

'ऐसे कि कल जब मेरी घरवाली का एक परिचित घर आया, तो वह उसे देखती ही बोली, दफा हो जाओ मेरी नजरों से हमेशा के लिए. अब मैं तुम्हारा चेहरा तक देखना पसंद नहीं करती.' पहला मित्र बोला.

# कई देशों की मुद्राओं की तुलना में मजबूत हो रहा भारतीय रुपया

(लेखक- प्रहलाद सबनानी )

अमेरिका के केंद्रीय बैंक अर्थात यूएस फेड ने हाल ही में ब्याज दरों में बहुत बढ़ौतरी की है इससे अमेरिका में निवेश करने के लिए अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता एवं मांग पूरे विश्व में बढ़ रही है। इसकी वजह से अन्य समस्त देशों की मुद्राओं यथा यूरो, पाउंड, येन, रूबल, यूआन, रुपए आदि का, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले, अवमूल्यन हो रहा है। जिस प्रकार की महंगाई की दर कई देशों में चल रही है, जो कई यूरोपीयन देशों में तो यह पिछले 50 साल के एतिहासिक स्तर पर है, इसे नियंत्रित करने के लिए अमेरिका सहित ये सभी देश ब्याज दरों को बढ़ाते चले जा रहे हैं जिससे अन्य देशों की मुद्राओं पर तो दबाव आ रहा है परंतु अमेरिकी डॉलर मजबूत होता जा रहा है।

विश्व के कई देशों में मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से वहां के केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की जा रही है। विशेष रूप से अमेरिका में ब्याज दरों में की जा रही वृद्धि का असर अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़ रहा है क्योंकि अमेरिकी डॉलर वैश्विक स्तर पर किए जाने वाले आर्थिक व्यवहारों के निपटान का एक सशक्त माध्यम है। इस कारण के चलते सामान्यतः कई देशों में विदेशी निवेश भी अमेरिकी डॉलर में ही किए जाते हैं। अभी हाल ही में अमेरिकी केंद्रीय बैंक (यूएस फेड) ने अमेरिका में ब्याज दरों में लगातार तेज वृद्धि की है क्योंकि अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर पिछले 40 वर्षों के एतिहासिक स्तर पर पहुंच गई है। ब्याज दरों में की गई तेज वृद्धि के कारण अन्य देशों में विशेष रूप से वहां के पूंजी बाजार (शेयर मार्केट) में अमेरिकी डॉलर में किए गए निवेश को निवेशक वापिस खींच रहे हैं एवं यह राशि अमेरिकी बांड्ज में निवेश कर रहे हैं क्योंकि इस निवेश पर बिना किसी जोखिम के तुलनात्मक रूप से अच्छी आय प्राप्त हो रही है। इस सबके चलते पूरे विश्व में अमेरिकी डॉलर की मांग बढ़ गई है एवं स्वाभाविक रूप से अमेरिकी डॉलर की कीमत भी अन्य देशों की मुद्राओं की तुलना में बहुत महंगी हो गई। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि अमेरिकी डॉलर की कीमत बढ़ रही है और अन्य देशों की मुद्राओं का अवमूल्यन हो रहा है। भारत में भी अब यह कहा जाने लगा है कि रुपए का तेजी से अवमूल्यन हो रहा है अर्थात अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की कीमत तेजी से गिर रही है, परंतु भारत के संदर्भ में ऐसा कहा जाना तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक अर्थात यूएस फेड ने हाल ही में ब्याज दरों में बहुत बढ़ौतरी की है इससे अमेरिका में निवेश करने के लिए अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता एवं मांग पूरे विश्व में बढ़ रही है। इसकी वजह से अन्य समस्त देशों की मुद्राओं यथा यूरो, पाउंड, येन, रूबल, यूआन, रुपए आदि का, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले, अवमूल्यन हो रहा है। जिस प्रकार की महंगाई की दर कई देशों में चल रही है, जो कई यूरोपीयन देशों में तो यह पिछले 50 साल के एतिहासिक स्तर पर है, इसे नियंत्रित करने के लिए अमेरिका सहित ये सभी देश ब्याज दरों को बढ़ाते चले जा रहे हैं जिससे अन्य देशों की मुद्राओं पर तो दबाव आ रहा है परंतु अमेरिकी डॉलर मजबूत होता जा रहा है। विश्व की 6 बड़ी सबसे बड़ी मुद्राओं की कीमत की तुलना में अमेरिकी डॉलर की कीमत लगभग 18 प्रतिशत बढ़ गई है। अमेरिकी डॉलर का विश्व में एक रिजर्व मुद्रा के रूप में उपयोग हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेशी व्यापार अमेरिकी डॉलर में होता है अतः इन व्यवहारों का भुगतान करने के लिए सभी देशों को अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता होती है। साथ ही, अमेरिकी संस्थानों का अन्य देशों के पूंजी बाजार में जो निवेश था वह निवेश भी अमेरिकी संस्थानों द्वारा निकाला जा रहा है और निवेश की इस राशि को अमेरिकी बांड्ज में लगाया जा रहा है। लगभग दो साल पहिले तक अमेरिकी बांड्ज पर ब्याज दर केवल 25 बेसिस पाइंटस थी जो आज बढ़कर 325 बेसिस पाइंटस से अधिक हो गई है। भारतीय रुपए के अवमूल्यन की यदि चर्चा की जाय तो रुपए का यह अवमूल्यन वर्ष 1947 के बाद से लगातार हो रहा है। भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के समय वर्ष 1947 में अमेरकि डॉलर की तुलना में रुपए की कीमत एक रुपया तय की गई थी। अर्थात 1 अमेरिकी डॉलर 1 भारतीय रुपए के बराबर था। परंतु, एक अमेरिकी डॉलर की कीमत वर्ष 1967-1971 के बीच 7.50 रुपए पर आ गई, वर्ष 1988-89 में 14.40 रुपए हो गई, वर्ष 1991-92 में 24.40 रुपए हो गई, वर्ष 2001-02 में 47.69 रुपए हो गई, वर्ष 2013-14 में 60 रुपए एवं वर्ष 2021-22 में 74 रुपए हो गई और आज लगभग 83 रुपए हो गई है। इस प्रकार अमेरिकी डॉलर की कीमत लगातार बढ़ती गई है और भारतीय रुपए का अवमूल्यन होता रहा है। यहां भारतीय रुपए की तुलना यदि अमेरिकी डॉलर को छोड़कर अन्य देशों की मुद्राओं से की जाय तो यह आभास होता है कि हाल ही के समय में अन्य मुद्राओं का भारतीय रुपए की तुलना में अधिक तेज गति से अवमूल्यन हुआ है और इन मुद्राओं की तुलना में भारतीय रूपया मजबूत हुआ है। इसलिए यह कहना उचित नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए का अवमूल्यन हुआ है। इस तथ्य को इस प्रकार भी समझा जा सकता है कि अमेरिकी डॉलर की तुलना में अन्य देशों की मुद्राओं का कितना अवमूल्यन हुआ है और भारतीय रुपए का कितना अवमूल्यन हुआ है। जापान येन का अमेरिकी डॉलर की तुलना में 22 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, ब्रिटिश पाउंड का 20 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, यूरो का 15 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, दक्षिण कोरिया की मुद्रा का 15 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, आस्ट्रेलिया की मुद्रा का 12 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है वहीं चीनी यूआन एवं भारतीय रुपए का 10 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है। चूंकि अन्य देशों की मुद्राओं का भारतीय रुपए की तुलना में अधिक अवमूल्यन हुआ है अतः भारतीय रूपए की कीमत इन देशों की मुद्राओं की तुलना में बढ़ गई है। लगभग उक्त प्रकार का ट्रेंड एशिया स्थित विभिन्न देशों की मुद्राओं के संदर्भ में भी दिखाई दिया है। वर्ष 2022 में अमेरिकी डॉलर की तुलना में फिलिपींस की मुद्रा का 16 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, सिंगापुर की मुद्रा का 6 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, मलेशिया की मुद्रा का 11 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, चीन की मुद्रा का 10.4 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है एवं भारतीय रुपए का 10.25 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है। कई विकसित देशों एवं एशिया के कई देशों की मुद्राओं की तुलना में भारतीय रुपए का अमेरिकी डॉलर की तुलना में कम अवमूल्यन होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल हैं भारतीय अर्थव्यवस्था का लगातार मजबूत रहना और देश में आर्थिक विकास की गति का तेज होना। हाल ही के समय में भारत से निर्यात भी तेज गति से बढ़ रहे हैं जिसके चलते अमेरिकी डॉलर की भारत में आवक बढ़ी है। दूसरे, भारत में विदेशी निवेश भी लगातार बढ़ता जा रहा है जो कि सामान्यतः अमेरिकी डॉलर में ही होता है। इसके चलते भारत के पास पर्याप्त मात्रा में विदेशी मुद्रा का भंडार मौजूद है। हालांकि भारत में आर्थिक प्रगति के चलते वस्तुओं, विशेष रूप से कच्चे तेल, का आयात बहुत अधिक मात्रा में हो रहा है, इससे व्यापार घाटा बहुत अधिक मात्रा में हो गया है। भारत के कुल आयात में 30 से 40 प्रतिशत हिस्सा कच्चे तेल के आयात का रहता है और देश में कच्चे तेल की कुल मांग का लगभग 80 प्रतिशत भाग आयात किया जाता है जिसका भुगतान अमेरिकी डॉलर में करना होता है। अभी पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें भी बहुत बढ़ गईं थी जिससे भारत के लिए अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता बहुत बढ़ गई थी। अमेरिकी डॉलर की मांग अधिक होने के चलते डॉलर मजबूत होता गया और रुपए का अवमूल्यन होता रहा। भारत में महंगाई बढ़ने के पीछे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़ने के साथ साथ अमेरिकी डॉलर के मजबूत होते जाना भी बहुत बड़ी वजह मानी जाती है। इन सभी कारणों के चलते भी भारत में महंगाई की दर विकसित देशों की तुलना में कम ही है। अमेरिका में महंगाई की दर 8 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है जो कि लगभग 3 वर्ष पूर्व तक 2 प्रतिशत के अंदर रहती थी, यूरोपीयन देशों में 9 प्रतिशत के आसपास है तो भारत में महंगाई की दर लगभग 7 प्रतिशत है जो कि कुछ वर्ष पूर्व तक 10 प्रतिशत से भी अधिक रहती थी। अब भारत कई देशों से समझौते करता जा रहा है, जिसके अंतर्गत इन देशों के साथ होने वाले विदेशी व्यापार के व्यवहारों के भुगतान भारतीय रुपए अथवा उन देशों की मुद्राओं में एक दूसरे को किये जाएंगे। भारत के इस कदम से भारत की अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम होगी। विशेष रूप से रूस एवं ईरान से किए जा रहे इन समझौतों से विशेष प्रभाव पड़ेगा क्योंकि वर्तमान में इन देशों से भारत कच्चे तेल का आयात बहुत बड़ी मात्रा में कर रहा है। अतः अब आगे आने वाले समय में भारतीय रुपया और अधिक मजबूत होगा, ऐसी आशा की जा रही है।




# शुभ कार्यो की शुरुआत का पर्व है देवउठनी एकादशी!

(लेखक-डॉ सुनीता पुण्डरीक)

देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु योग निद्रा से जागते हैं और जिस पावन तिथि पर मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है।24 एकादशियों में कार्तिक मास के शुक्लपक्ष में पड़ने वाली देवउठनी एकादशी को बहुत शुभ और फलदायी माना गया है। देवउठनी एकादशी को हरि प्रबोधिनी एकादशी भी कहते हैं। एकादशी तिथि 03 नवंबर को शाम 07 बजकर 30 मिनट से शुरू होगी, जो कि 04 नवंबर को शाम 06 बजकर 08 मिनट पर समाप्त होगी।धार्मिक मान्यता है कि एकादशी का व्रत करने वालों के पितृ मोक्ष को प्राप्त कर स्वर्ग में चले जाते हैं। एकादशी का व्रत करने वालों के पितृपक्ष के दस पुरुष, मातृपक्ष के दस पुरुष और दूसरे पितृजन बैकुण्ठवासी होते हैं। एकादशी का व्रत यश, कीर्ति , वैभव, धन, संपत्ति और संतान को उन्नति देने वाला है।सबसे अहम बात है कि इसी दिन भगवान शालीग्राम के साथ तुलसी मां का आध्यात्मिक विवाह भी होता है। लोग घरों में और मंदिरों में ये विवाह करते हैं।इस अवसर पर तुलसी की पूजा का महत्व है। शालीग्राम और तुलसी की पूजा से पितृदोष का शमन होता है।जो व्यक्ति देवउठानी एकादशी का व्रत सच्चे दिल और श्रद्धापूर्वक रखता है उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं। इस दिन सिर्फ निर्जन या केवल जलीय पदार्थों पर ही उपवास रखा जाता है। अगर आप इस दिन निर्जल व्रत नहीं रखते, तो इस दिन चावल, प्याज, लहसुन, बासी भोजन आदि का सेवन भूलकर भी न करें।एकादशी तिथि के दिन वाद-विवाद से बचना चाहिए। इस दिन लड़ाई-झगड़ा करने से मां लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं। एकादशी तिथि के दिन किसी का अपमान नहीं करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी रुष्ट होती हैं।एकादशी के दिन दान करना उत्तम माना जाता है।एकादशी के दिन संभव हो तो गंगा स्नान करना चाहिए। विवाह संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए एकादशी के दिन केसर, केला या हल्दी का दान करना चाहिए।एकादशी का उपवास रखने से धन, मान-सम्मान और संतान सुख के साथ मनोवांछित फल की प्राप्ति होने की मान्यता है।कहा जाता है कि एकादशी का व्रत रखने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।एकादशी कथा के तहत,एक राजा के राज्य में सभी लोग एकादशी का व्रत रखते थे। प्रजा तथा नौकर-चाकरों से लेकर पशुओं तक को एकादशी के दिन अन्न नहीं दिया जाता था। एक दिन किसी दूसरे राज्य का एक व्यक्ति राजा के पास आकर बोला महाराज! कृपा करके मुझे नौकरी पर रख लें। तब राजा ने उसके सामने एक शर्त रखी कि ठीक है रख लेते हैं। किन्तु रोज तो तुम्हें खाने को सब कुछ मिलेगा पर एकादशी को अन्न नहीं मिलेगा। उस व्यक्ति ने उस समय 'हां' कर ली, पर एकादशी के दिन जब उसे फलाहार का सामान दिया गया तो वह राजा के सामने जाकर गिड़गिड़ाने लगा- महाराज! इससे मेरा पेट नहीं भरेगा। मैं भूखा ही मर जाऊंगा। मुझे अन्न दे दो।राजा ने उसे शर्त की बात याद दिलाई, पर वह अन्न छोड़ने को राजी नहीं हुआ, तब राजा ने उसे आटा-दाल-चावल आदि दिए। वह नित्य की तरह नदी पर पहुंचा और स्नान कर भोजन पकाने लगा। जब भोजन बन गया तो वह भगवान को बुलाने लगा, आओ भगवन,भोजन तैयार है। उसके बुलाने पर पीतांबर धारण किए भगवान चतुर्भुज रूप में आ पहुंचे और प्रेम से उसके साथ भोजन करने लगे। भोजन करके भगवान अंतर्धान हो गए और वह अपने काम पर चला गया। 15 दिन बाद अगली एकादशी को वह राजा से कहने लगा कि महाराज मुझे दुगुना सामान दीजिए। उस दिन तो मैं भूखा ही रह गया। राजा ने कारण पूछा तो उसने बताया कि हमारे साथ भगवान भी खाते हैं। इसीलिए हम दोनों के लिए ये सामान पूरा नहीं होता।यह सुनकर राजा को बड़ा आश्चर्य हुआ।



वह बोला मैं नहीं मान सकता कि भगवान तुम्हारे साथ खाते हैं। मैं तो इतना व्रत रखता हूं, पूजा करता हूं, पर भगवान ने मुझे कभी दर्शन नहीं दिए।राजा की बात सुनकर वह बोला महाराज! यदि विश्वास न हो तो साथ चलकर देख लें। राजा एक पेड़ के पीछे छिपकर बैठ गया। उस व्यक्ति ने भोजन बनाया तथा भगवान को शाम तक पुकारता रहा, परंतु भगवान न आए। अंत में उसने कहा- हे भगवान! यदि आप नहीं आए तो मैं नदी में कूदकर प्राण त्याग दूंगा।लेकिन भगवान नहीं आए, तब वह प्राण त्यागने के उद्देश्य से नदी की तरफ बढ़ा। प्राण त्यागने का उसका दृढ़ इरादा जान शीघ्र ही भगवान ने प्रकट होकर उसे रोक लिया और साथ बैठकर भोजन करने लगे। खा-पीकर वे उसे अपने विमान में बिठाकर अपने धाम ले गए। यह देख राजा ने सोचा कि व्रत-उपवास से तब तक कोई फायदा नहीं होता, जब तक मन शुद्ध न हो। इससे राजा को ज्ञान मिला। वह भी मन से व्रत-उपवास करने लगा और अंत में स्वर्ग को प्राप्त हुआ।तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परंपरा है।

## (चिंतन-मनन)

# गहराई में जाएं

गुरू के पास तीन शिष्य आए, बोले, गुरूदेव! हम साधना करना चाहते हैं। कोई साधना का सूत्र बताएं। गुरू ने सोचा, साधना का सूत्र बताने से पहले परीक्षा कर ली जाए। गुरू ने तीनों से एक प्रश्न पूछा, आंख और कान में कितना अंतर है। पहला व्यक्ति बोला, चार अंगुल का। दूसरे ने कहा, कान से आंख ज्यादा काम आती है। आंखों देखी बात बहुत स्पष्ट होती है। आंखों देखी और कानों सुनी बात में बहुत अंतर होता है। तीसरे का जवाब था, आंख से हम देख सकते हैं, किन्तु परमार्थ की बात कान से ही सुन सकते हैं। गुरू ने पहले व्यक्ति से कहा, तुम अभी व्यापार करो। तुम्हारा नाप-जोख में रस है। तुम साधना के अधिकारी नहीं हो। दूसरे व्यक्ति से कहा, तुम अभी न्याय का काम करो। लोगों के झगड़े सुलझाओ। आंख द्वारा देखे गए प्रमाण ज्यादा सच होते हैं। तीसरे व्यक्ति से कहा, तुम साधना के योग्य हो। मैं तुम्हें आत्मिक ज्ञान दूंगा, क्योंकि तुम परमार्थ की बात में रस लेते हो। यही कान, यही आंख सबके पास है। यदि आंख सच्चाई को देखने लग जाए, कान परमार्थ की बात को सुनने लग जाए तो नई बातें हमें प्राप्त हो सकती हैं। इसके लिए हमें गहराई में जाना होगा। सतह पर रहने से काम नहीं चलेगा। यदि हम अध्यात्म चिकित्सा या भाव चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयोग प्रस्तुत करें तो अध्यात्म की उपयोगिता बढ़ेगी, यह विश्वास प्रबल होता है। यह भौतिकता का नहीं, अध्यात्म का भी एक साम्राज्य है और उसके बिना मनुष्य सुख और शांति का जीवन जी नहीं सकता।




## यूको बैंक का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 145 फसदी बढ़कर हुआ 504.52 करोड़ रुपये

**कोलकाता।** यूको बैंक की चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 145 फीसदी बढ़कर 504.52 करोड़ रुपये रहा है, यह पिछले वर्ष समान तिमाही में 205.4 करोड़ रुपये था। कोलकाता स्थित इस बैंक ने शेयर बाजारों को सूचित किया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका परिचालन लाभ पिछले वर्ष की सितंबर तिमाही के 1334.2 करोड़ रुपये से घटकर 1190 करोड़ रुपये रह गया है। बैंक का घरेलू राजस्व 4794.76 करोड़ रुपये जबकि अंतरराष्ट्रीय राजस्व 170.08 करोड़ रुपये है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 14.02 फीसदी रहा, जो पिछले वर्ष की सितंबर तिमाही के 14.31 फीसदी से मामूली रूप से कम है। यूको बैंक की सकल गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) पहले के 8.98 फीसदी से घटकर 6.58 फीसदीरह गईं। वहीं शुद्ध एनपीए भी 3.37 फीसदी से घटकर 1.99 फीसदी पर आ गया।

## एआरसी को 48000 करोड़ से अधिक के फंसे ऋण का हस्तांतरण नवंबर तक होगाः प्रशांत कुमार

**मंबई।** यस बैंक ने उम्मीद जतायी है कि वह नवंबर के अंत तक जेसी फ्लावर्स संपत्ति (एआरसी) को अपनी दबाव वाली संपत्ति की बिक्री पूरी कर लेगा। बैंक के मुख्य कार्यकारी और प्रबंध निदेशक प्रशांत कुमार ने यहां मीडिया से कहा कि एआरसी को 48000 करोड़ रुपये से अधिक के फंसे ऋण का हस्तांतरण नवंबर तक होगा। गौरतलब है कि ये पूरी गैर-निष्पादित संपत्तियां (एनपीए) राणा कपूर के नेतृत्व वाले पुराने प्रबंधन के वक्त की हैं और वर्तमान प्रबंधन को ये बोझ विरासत में मिला है। राणा को बाद में कथित अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया था। ऋणों के हस्तांतरण के बाद बैंक का सकल एनपीए अनुपात 12.89 फीसदी से घटकर 2 फीसदी रह जाएगा। एआरसी को एक प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के तहत चुना गया और वह फंसे कर्ज के लिए अग्रिम नकद के रूप में एक निश्चित राशि का भुगतान कर रही है। कुमार ने एफआईबीएसी-2022 के मौके पर कहा कि कानूनी औपचारिकताएं अभी चल रही हैं, उन्हें भरोसा है कि सौदा नवंबर तक हो जाएगा।

## फाइव स्टार बिजनेस का 1,960 करोड़ रुपये का आईपीओ नौ नवंबर को खुलेगा

**मुंबई ।** फाइव स्टार बिजनेस फाइनेंस का 1,960 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अभिदान के लिए नौ नवंबर को खुलेगा। चेन्नई स्थित कंपनी का आईपीओ नौ नवंबर को खुलकर 11 नवंबर को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली सात नवंबर को खुलेगी। मसौदा दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ के तहत 1,960 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) की जाएगा। इसमें शेयरधारकों और प्रवर्तक समूह की इकाइयों के शेयर भी शामिल है। एनबीएफसी को टीपीजी, मैट्रिक्स पार्टनर्स, नॉरवेस्ट वेंचर्स, सिकोइया और केकेआर जैसे विभिन्न निवेशकों से समर्थन मिला हुआ है। वर्तमान में टीपीजी एशिया की कंपनी में 21.45 प्रतिशत, मैट्रिक्स पार्टनर्स की 12.67 प्रतिशत, नॉरवेस्ट वेंचर की 10.17 प्रतिशत और एससीआई इन्वेस्टमेंट्स की 8.79 प्रतिशत हिस्सेदारी है। फाइव स्टार बिजनेस फाइनेंस सूक्ष्म उद्यमियों और स्व-नियोजित व्यक्तियों को सुरक्षित व्यावसायिक ऋण प्रदान करती है।




# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुंबई ।**

मुम्बई शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में यह गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। इसके साथ ही अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को 0.75 फीसदी बढ़ाने से भी बाजार पर दबाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई संेसेक्स 69.68 अंक करीब 0.11 फीसदी नीचे आकर 60,836.41 पर बंद हुआ जबकि कारोबार के दौरान यह 420.95 अंक तक नीचे आया था। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 30.15 अंक तकरीबन 0.17 फीसदी फिसलकर 18,052.70 पर पहुंचा गया। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, पावरग्रिड, एनटीपीसी, इन्फोसिस, विप्रो, एचडीएफसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर सबसे ज्यादा नीचे आये हैं। वहीं दूसरी ओर भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, भारती एयरटेल और हिन्दुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में तेजी आई है। दूसरी ओर अनय एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट पर रहे जबकि यूरोपीय बाजारों में गिरावट रही। इसके अलावा अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट भी टूटा है। बाजार जानकारों के अनुसार फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में वृद्धि करने से दुनिया भर के बाजारों में गिरावट आई है। इससे निवेशक बाजार से दूर हुए हैं। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.16 फीसदी ऊपर आकर 95.04 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।




## रुपया गिरावट पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को रुपया नीचे आया है। रुपये में ये गिरावट फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने से पड़े दबाव के कारण आई हैं। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे नीचे आकर 82.90 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इस कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 82.87 पर खुला और कारोबार के दौरान यह 82.74 के ऊपर स्तर और 82.92 के निचले स्तर तक पहुंचने के बाद अंत में डॉलर के मुकाबले 10 पैसे की गिरावट के साथ ही 82.90 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं इससे पहले गत कारोबारी सत्र में रुपया 82.80 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।इसी बीच विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की कमजोरी को दिखाने वाला सूचकांक 1.39 फीसदी बढ़कर 112.89 पर पहुंच गया। वहीं वैश्विक तेल बेंचमार्क, ब्रेंट क्रूड वायदा 1.16 फीसदी फिसलकर 95.04 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

## इंडियन बैंक का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई ।** इंडियन बैंक का चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 1,225 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। फंसे कर्ज के लिए प्रावधान में कमी से बैंक का शुद्ध लाभ बढ़ा है। बैंक ने इसके पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 1,089 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। इंडियन बैंक ने बताया कि 2022-23 की दूसरी तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 12,538 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एक साल पहले की इसी तिमाही में यह 11,440.42 करोड़ रुपये थी। बैंक की बीती तिमाही के दौरान शुद्ध ब्याज आय भी 15 प्रतिशत बढ़कर 4,684 करोड़ रुपये रही। वहीं, विभिन्न शुल्कों से मिलने वाली आय 18 प्रतिशत बढ़कर 723 करोड़ रुपये हो गई। बैंक की संपत्ति की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) कुल अग्रिम का घटकर 7.30 प्रतिशत रह गईं। एक साल पहले की समान अवधि में यह 9.56 प्रतिशत थीं। इस तरह बैंक का शुद्ध एनपीए भी आलोच्य तिमाही में घटकर 1.50 प्रतिशत (6,174 करोड़ रुपये) पर आ गया। बीते वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 3.26 प्रतिशत (11,749 करोड़ रुपये) था।

इंडियन बैंक Indian Bank
आपका अपना बैंक • YOUR OWN BANK

# बाजार में आया सोना और हीरों से जड़ा आईफोन, कीमत एक करोड़

**मुंबई ।**

रूस के लग्जरी ब्रांड कैवियार ने आईफोन 14 प्रो का एक विशेष संस्करण पेश किया है। इसकी कीमत 1.33 लाख डॉलर (करीब 1.1 करोड़ रुपए) है। बाजार में इसके सीमित संख्या में मॉडल उतारे जाएंगे। इसकी खासियत यह है कि इसमें सोना और आठ हीरे जड़े हुए हैं। जिसमें रोलेक्स डेटोना घड़ी लगाई गई है। कैवियार की ओर से मैल्कम कैंपबेल की ब्लू बर्ड सुपरकार से प्रेरित होकर इस आईफोन को डिजाइन किया गया है। इसी से प्रेरित होकर रोलेक्स डेटोना घड़ियों को भी डिजाइन किया गया था। कैवियार ने इस फोन के केवल तीन मॉडल तैयार किए हैं। कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार फोन की बॉडी को 1930 के दशक की रेसिंग कारों के स्टाइल में बनाया गया है। फोन के पिछले हिस्से में लगी रोलेक्स डिटोना घड़ी में अपने आप में खास है। इस घड़ी का डायल और सुईयां सोने की बनी हुई हैं। जबकि, इसमें आठ हीरे भी लगाए गए हैं। आईफोन 14 प्रो के पिछले हिस्से में इसे लगाया गया है। इस विशेष संस्करण के आईफोन में रोलेक्स घड़ी के अलावा तीन और डायल लगाए गए हैं। इसमें एक में स्पीडोमीटर, जबकि दूसरे में ईंधन संकेतक और तीसरे में स्विच लगाया गया है। ये सभी 18 कैरेट सोने के बने हैं। कंपनी का कहना है कि ये तीनों डायल केवल सजावट के उद्देश्यों से लगाए गए हैं। इसके अलावा इसके पिछले हिस्से की बॉडी ब्लैक पीवीडी कोटिंग के साथ टाइटेनियम से बनी है। इसका उपयोग रोलेक्स द्वारा ब्लैक डायल, केस और ब्रेसलेट बनाने में किया जाता है।




# एचपीसीएल को दूसरी तिमाही में 2,172 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा

### सरकार से मिले पैसों से नहीं हुई भरपाई

**नई दिल्ली ।**

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) को लागत बढ़ने के बावजूद पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के दामों में वृद्धि नहीं होने से चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में 2,172 करोड़ रुपये का घाटा उठाना पड़ा है। तिमाही के अंत में केंद्र सरकार से मिलने वाले एकमुश्त अनुदान से भी नुकसान की भरपाई नहीं हुई। एचपीसीएल ने बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसे एकल आधार 2,172 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 1,923.51 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। यह पहली बार है जब कंपनी को एक के बाद एक तिमाही में नुकसान उठाना पड़ा है। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी को 10,196.94 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड घाटा हुआ था। एचपीसीएल की तरह ही इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) को भी लगातार दूसरी तिमाही में नुकसान हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र की ये कंपनियां मुद्रास्फीति को काबू में करने के सरकार के प्रयासों में मदद देने के लिए पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस को लागत से कम दाम पर बेच रही हैं। केंद्र ने 12 अक्टूबर को सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों को रसोई गैस एलपीजी के घाटे की भरपाई के लिए 22,000 करोड़ रुपये का एकमुश्त अनुदान दिया था। एचपीसीएल ने बताया कि 2021-22 और चालू अवधि के दौरान घरेलू रसोई गैस की बिक्री में हुए नुकसान की भरपाई के लिए उसे 5,617 करोड़ रुपये मिले थे। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा था कि उनका मंत्रालय तीन खुदरा ईंधन विक्रेताओं - इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) को हुए नुकसान के लिए सहायता की मांग करेगा। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में एचपीसीएल को एकल आधार पर कुल मिलाकर 12,369.08 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। इससे पिछले 2021-22 के पूरे वित्त वर्ष में कंपनी को 6,683.14 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। कंपनी को समीक्षाधीन अवधि में 1,548.51 करोड़ रुपये का विदेशी मुद्रा घाटा भी हुआ। वहीं जुलाई-सितंबर में उसका एकीकृत शुद्ध घाटा 2,475.69 करोड़ रुपये रहा और अप्रैल-सितंबर में यह 8,557.12 करोड़ रुपये रहा। जुलाई-सितंबर में उसका परिचालन राजस्व भी 30 प्रतिशत बढ़कर 1.13 लाख करोड़ रुपये रहा है।




## सोने-चांदी की कीमतें गिरी

**नई दिल्ली ।**

घरेलू बाजार में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मिले कमजोर संकेतों से बाजार में ये गिरावट आई है। प्रति दस ग्राम सोना 50,597 रुपये पर आ गया है। वहीं एक किलो चांदी के दाम भी कम हुए हैं और अब यह 58,111 रुपये हो जाएगी। दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना 402 रुपये टूटकर 50,597 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं गत कारोबारी सत्र में सोना 50,999 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा चांदी की कीमत 1,244 रुपये की गिरावट के साथ ही 58,111 रुपये प्रति किग्रा रह गई जबकि गत दिवस यह 56,867 रुपये प्रति किग्रा पर बनी हुई थी।



# एलन मस्क ट्विटर से 3700 कर्मचारियों को निकालने की तैयारी में



**नई दिल्ली ।**

एलन मस्क के ट्विटर खरीदने के बाद छंटनी की आशंका को लेकर अधिकारी और कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। मस्क ने सीईओ पराग अग्रवाल समेत मैनेजमेंट के कुछ अधिकारियों को निकाल दिया है। अब खबर है कि मस्क ट्विटर से 3700 कर्मचारियों को निकालने की तैयारी में है और इसे लेकर योजना बना रहे हैं। बताया जा रहा है कि 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर में ट्विटर को खरीदने के बाद कंपनी के खर्चों में कटौती करने के लिए मस्क ने कंपनी के आधे कर्मचारियों की लगभग 3,700 नौकरियों को खत्म करने की योजना बनाई है। कंपनी में 7 हजार से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं। सूत्रों ने बताया कि, ट्विटर के नये बॉस एलन मस्क शुक्रवार तक इस बारे में प्रभावित होने वाले कर्मचारियों को सूचित कर सकते हैं। मस्क ने कंपनी की मौजूदा वर्क-फ्रॉम-एनीवेयर पॉलिसी को भी बदलने का मन बना लिया है और शेष कर्मचारियों को ऑफिस में रिपोर्ट करने के लिए कहा है। हालांकि कुछ मामलों में छूट दी जा सकती है। मस्क और उनके सलाहकारों की एक टीम सैन फ्रांसिस्को स्थित ट्विटर के ऑफिस में नौकरी में कटौती और अन्य नीतिगत बदलावों के लिए लगातार चर्चा कर रहे हैं। नौकरी से निकाले जाने वाले इन कर्मचारियों को 60 दिनों की सैलरी की पेशकश की जाएगी। हालांकि इस पूरे मामले पर ट्विटर के प्रवक्ता ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।


## आर्चियन केमिकल का आईपीओ नौ नवंबर को खुलेगा

**मुंबई ।**

समुद्री रसायन विनिर्माता आर्चियन केमिकल इंडस्ट्रीज ने अपने 1,462 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 386-407 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि आरंभिक शेयर बिक्री नौ को खुलकर 11 नवंबर को बंद होगी। एंकर निवेशक सात नवंबर को शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। आईपीओ में 805 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। वहीं इंडिया रिसर्जेंस फंड सहित कंपनी के प्रवर्तक और निवेशक 1.61 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएंगे। आईपीओ के द्वारा 1,462.3 करोड़ रुपये जुटने की उम्मीद है। कंपनी ने बताया कि 75 प्रतिशत निर्गम पात्र संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित रखा गया है, 15 प्रतिशत गैर-संस्थागत निवेशकों और शेष 10 प्रतिशत खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित रखा गया है। आर्चियन ब्रोमाइन, इंडस्ट्रियल सॉल्ट और सल्फेट का उत्पादन करती है और दुनियाभर के ग्राहकों को इनका निर्यात भी करती है। यह अपने उत्पादों का उत्पादन और विनिर्माण गुजरात में करती है।




# ई-रुपए का थोक पायलट परीक्षण इसी महीने शुरू कर सकता है आरबीआई




**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश की डिजिटल करेंसी का पायलट प्रोग्राम शुरू किया है। चुनिंदा बैंकों को सेकेंडरी मार्केट के लेन-देन में इसका इस्तेमाल करने की अनुमति मिल गई है। पहले दिन बैंकों ने करेंसी के डिजिटल रूप का इस्तेमाल करते हुए 275 करोड़ का कारोबार किया। अब बताया जा रहा है कि आरबीआई ई-रुपए का खुदरा परीक्षण इसी महीने शुरू कर सकता है। आरबीआई थोक ई-रुपए के पायलट परीक्षण के बाद इसी महीने खुदरा ई-रुपए का परीक्षण शुरू कर देगा। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह बात कही है। उन्होंने केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) की शुरुआत को देश में मुद्राओं के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण बताया। हाल ही में सीमित बैंकों के बीच थोक लेनदेन के लिए ई-रुपए की शुरुआत की गई थी। उन्होंने कहा कि इससे कारोबार करने का तरीका काफी हद तक बदल जाएगा। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैंकरों के वार्षिक एफआईबीएसी सम्मेलन में कहा कि खुदरा कारोबार के लिए सीबीडीसी का परीक्षण इस महीने के आखिरी में शुरू किया जाएगा। हम तारीख की घोषणा अलग से करेंगे। उन्होंने कहा कि आरबीआई आने वाले समय में सीबीडीसी को पूरी तरह पेश करना चाहता है। हालांकि, उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं बताई।

# टाटा समूह की अब एयर एशिया में होगी 100 फीसदी हिस्सेदारी

### - एयरएशिया इंडिया की हिस्सेदारी के प्रस्तावित अधिग्रहण को मिली मंजूरी




**नई दिल्ली ।**

मलेशिया की एयरलाइन एयरएशिया ने एयरएशिया इंडिया में अपनी शेष हिस्सेदारी एयर इंडिया को बेचने के लिए करार किया है। टाटा समूह और मलेशियाई इकाई के स्वामित्व वाली एयरएशिया इंडिया ने जून, 2014 में परिचालन शुरू किया था। एयरएशिया एविएशन ग्रुप लिमिटेड ने बयान में कहा कि उसने एयरएशिया इंडिया में शेष शेयरों को एयर इंडिया को बेचने के लिए एक शेयर खरीद समझौता किया है। हालांकि इसने इस संदर्भ में कोई विशेष जानकारी साझा नहीं की। एयरएशिया इंडिया, टाटा संस और एयर एशिया के बीच एक संयुक्त उद्यम था। इसमें टाटा संस की 83.67 प्रतिशत हिस्सेदारी और एयर एशिया के पास 16.33 प्रतिशत हिस्सेदारी है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने इस साल जून में एयर इंडिया द्वारा एयरएशिया इंडिया की संपूर्ण हिस्सेदारी के प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है. एयरएशिया एविएशन ग्रुप के (समूह) मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बो लिंगम ने कहा कि जब हमने 2014 के बाद से पहली बार भारत में परिचालन शुरू किया तो एयरएशिया ने यहां एक विशाल कारोबार बनाया, जो दुनिया के सबसे बड़े नागर विमानन बाजारों में से एक है। वहीं टाटा की एयर इंडिया में 100 फीसदी हिस्सेदारी है। टाटा संस की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड ने 18,000 करोड़ रुपए में भारत सरकार से एयर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस का अधिग्रहण किया था। ये एयरलाइन लगातार घाटे में जा रही थी। टाटा ग्रुप अब इस घाटे वाली एयरलाइन को मुनाफे में लाने के प्रयास कर रहा है।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## राहुल पर हमेशा से भरोसा रहा : रोहित

**एडिलेड।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने सलामी बल्लेबाजी लोकेश राहुल की जमकर सराहना की है। रोहित ने कहा कि राहुल एक अच्छे खिलाड़ी है पर वह पिछले कुछ समय से फार्म में नहीं होने के कारण रन नहीं बना पा रहे थे। बांग्लादेश के खिलाफ राहुल ने अर्धशतक लगाकर भारतीय टीम को संभाला। शुरुआती दो ओवरों में वह धीमे थे पर फिर उन्होंने आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने 156.25 के स्ट्राइक रेट से तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से अर्धशतक लगाया। रोहित ने कहा, ' राहुल ने जिस तरह से बल्लेबाजी की, वह उसके और टीम के लिए अहम था। हम जानते हैं कि वह किस तरह के खिलाड़ी है , इसी कारण वह शीर्ष क्रम में हैं।' राहुल ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 37 गेंदों पर 67 रन की साझेदारी भी की। इस दौरान विराट ने सबसे ज्यादा रन बनाये। रोहित ने कहा, 'मेरे दिमाग में, कोहली हमेशा से शानदार बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने एशिया कप के बाद से पीछे नहीं देखा है। उनकी बल्लेबाजी को लेकर कभी किसी को कोई संदेह नहीं था और जिस तरह से उन्होंने इस विश्व कप में जबरदस्त बल्लेबाजी की है उससे उनका अनुभव दिखता है।' रोहित ने बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की भी जमकर प्रशंसा की, जिन्होंने अंतिम ओवर में 20 रन का बचाव करने के लिए जबरदस्त तरीके से यॉर्कर गेंदबाजी की।

# PKL 9: बंगाल ने शानदार वापसी करते हुए थलाइवाज को टाई पर रोका



**पुणे। (एजेंसी)**

बालेवाड़ी स्थित श्री शिवछत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बुधवार को अंतिम रेड तक चला वीवो प्रो कबड्डी लीग के नौवें सीजन का 55वां मैच 41-41 से बराबरी पर समाप्त हुआ। तमिल थलाइवाज के खिलाफ बंगाल वारियर्स हाफ टाइम तक 12 अंक से पीछे थे लेकिन दूसरे हाफ के अंतिम पलों में वे मैच जीतने की कगार पर थे लेकिन शायद किस्मत को यह मंजूर नहीं था। दोनों टीमों का यह नौवां मैच था। बंगाल को इससे पहले चार में जीत और चार में हार मिली थी जबकि थलाइवाज को तीन में जीत और चार में हार मिली थी। इससे पहले भी उसका एक मैच टाई रहा था। मनिंदर सिंह (19) ने बंगाल को मुश्किल से निकालकर जीत की स्थिति में पहुंचाया। दीपक हुड्डा (11) ने उनका बेहतरीन साथ दिया। थलाइवाज के लिए नरेंदर (15) ने एक और सुपर-10 पूरा किया जबकि अजिंक्य पवार ने 9 अंक जुटाए। साथ ही डिफेंस में मोहित ने शानदार हाई-5 लगाया।मनिंदर ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ शुरुआत की लेकिन अगली रेड पर डैश कर दिए गए। चार मिनट बाद स्कोर 4-4 था। हालांकि अजिंक्य ने डू ओर डाई रेड पर दो अंक लेकर थलाइवाज को 6-4 से आगे कर दिया। इसके बाद थलाइवाज ने लगातार दो अंक ले 3 अंक की लीड ले ली। फिर थलाइवाज ने बंगाल को ऑल आउट की ओर धकेला लेकिन मनिंदर ने इसे टाल दिया लेकिन नरेंदर ने गिरीश का शिकार कर फिर वही स्थिति ला दी। जाधव ने हालांकि मल्टी प्वाइंट रेड के साथ फिर ऑलआउट टाल दिया लेकिन नरेंदर ने सुपर रेड के साथ बंगाल को आलआउट कर दिया। अब थलाइवाज 15-9 से आगे थे।आलइन के बाद भी थलाइवाज ने लगातार दो अंक लिए। बंगाल का डिफेंस अब तक खाता नहीं खोल सका था। अजिंक्य ने डू ओर डाई रेड पर मनिंदर को रिवाइव कराया और मनिंदर ने आते ही अंक लिया। अगली रेड पर हालांकि वह लपक लिए गए। थलाइवाज 10 अंक से आगे थे। बंगाल के लिए सुपर टैकल आन था। इसी बीच नरेंदर ने सुपर-10 पूरा किया। फिर बंगाल को दूसरी बार ऑल आउट कर थलाइवाज ने 25-10 की लीड ले ली। मनिंदर ने हालांकि मल्टी प्वाइंट रेड के साथ पहला हाफ समाप्त किया लेकिन थलाइवाज के पास 12 अंकों की लीड थी। ब्रेक के बाद थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन था। अजिंक्य ने मनिंदर को सुपर टैकल कर स्कोर 29-15 कर दिया। मनिंदर ने हालांकि सुपर रेड के साथ अपना सुपर-10 पूरा किया और थलाइवाज को ऑल आउट कर स्कोर 30-21 कर दिया। फिर दीपक ने नरेंदर को लपक बंगाल को डिफेंस में पहला अंक दिलाया।मनिंदर ने एक और सुपर रेड के साथ स्कोर 27-32 कर दिया। थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन था। वे इसका फायदा नहीं उठा सके और दूसरी बार ऑल आउट हुए। स्कोर अब 32-33 था। बीते 10 मिनट में बंगाल ने 16 जबकि थलाइवाज ने 4 अंक लिए थे। दो मिनट बाकी थे और बंगाल को एक अंक की लीड मिली हुई थी। अजिंक्य ने दो अंक की रेड के साथ थलाइवाज को एक अंक की लीड दिला दी। नरेंदर रिवाइव हो चुके थे। हालांकि मनिंदर ने दो अंकों के साथ बंगाल को फिर 38-37 से आगे कर दिया। हालांकि नरेंदर ने स्कोर फिर बराबर कर दिया। मनिंदर ने बोनस लेकर स्कोर 39-38 किया। फिर बंगाल के डिफेंस ने नरेंदर को डैश कर लीड 2 की कर दी। बंगाल को एक अंक मिले लेकिन चूंकी दो डिफेंडर आउट ऑफ बाउंड थे, लिहाजा थलाइवाज को दो अंक मिले। स्कोर 40-40 था। फिर मनिंदर ने एक टच प्वाइंट ले लिया।अजिंक्य ने अंतिम रेड पर एक अंक लेकर स्कोर बराबर कर दिया और इस तरह इस सीजन का पांचवां टाई सामने आया।

# हाइलो ओपन सुपर 300 : सात्विक-चिराग की जोड़ी अगले दौर में

### साइना बाहर

**सारब्रकेन (जर्मनी) ।(एजेंसी)**




भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बुधवार को यहां चीनी ताइपे के ली यांग और लू चेन को हराकर हाइलो ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने यह मैच 19-21, 21-19 21-16 से जीता। दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी का अगला मुकाबला इंग्लैंड के रोरी ईस्ट्रॉन और जैच रस से होगा। इस बीच एच एस प्रणय ने पुरुष एकल और एम आर अर्जुन-ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी ने पहले दौर के मैचों में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को वॉकओवर दिया। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल महिला एकल में थाईलैंड की चौथी वरीयता प्राप्त बुसानन ओंगबामरुंगफान से 15-21, 8-21 से हारकर बाहर हो गई। महिला एकल के एक अन्य मैच में मालविका बंसोड़ ने स्पेन की क्लारा आजुरमेंडी को 20-22, 21-12, 21-6 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला स्कॉटलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त क्रिस्टी गिल्मर से होगा।

## एशियाई शतरंज चैंपियनशिप- भारत के प्रज्ञानानंदा, नंधिधा ने खिताब जीते

**नयी दिल्ली,** शीर्ष वरीय भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और उनकी हमवतन पीवी नंधिधा ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई महाद्वीपीय शतरंज टूर्नामेंट में क्रमशः ओपन और महिला वर्ग के खिताब जीते। प्रज्ञानानंदा नौवें और अंतिम दौर में हमवतन बी अधिबान से 63 चाल में ड्रॉ खेलकर सात अंक के साथ शीर्ष रहे। चेन्नई के 17 साल के प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दौर से पहले अन्य खिलाड़ियों पर आधे अंक की बढ़त बना रखी थी। उन्होंने अंतिम दौर में अनुभवी अधिबान से ड्रॉ खेलकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ प्रज्ञानानंदा ने अगले फिडे विश्व कप मे भी जगह बना ली। अंतिम दौर में एसएल नारायणन, हर्ष भारतकोटि, कार्तिक वेंकटरमन और एस वोखिदोव के पास अंतिम दौर में खिताब जीतने का मौका था लेकिन अपनी अपनी बाजी ड्रॉ खेलकर ये इस मौके से चूक गए। नारायणन और वोखिदोव की बाजी ड्रॉ रही। हर्ष और वेंकटरमन को भी अंक बांटने को मजबूर होना पड़ा। ग्रैंडमास्टर एसपी सेतुरमन ने 41 चाल में अंतरराष्ट्रीय मास्टर कोस्तव चटर्जी को हराकर पांच अन्य खिलाड़ियों के समान 6.5 अंक हासिल किए। हर्ष ने बेहतर टाईब्रेक स्कोर के कारण दूसरा स्थान हासिल किया जबकि अधिबान तीसरे स्थान पर रहे। नारायणन, वोखिदोव, सेतुरमन और वेंकटरमन ने क्रमशः चौथे से सातवां स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में महिला ग्रैंडमास्टर नंधिधा ने नौवें दौर में दिव्या देशमुख से ड्रॉ खेलकर 7.5 अंक के साथ खिताब अपने नाम किया। तमिलनाडु की यह खिलाड़ी नौ दौर में अजेय रही और इस दौरान छह बाजी जीती। प्रियंका नुटक्की, दिव्या और वियतनाम की थी किम फुंग ने समान 6.5 अंक हासिल किए। प्रियंका ने बेहतर टाईब्रेक स्कोर के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया जबकि दिव्या तीसरे सथान पर रहीं।

# टी20 विश्वकप : पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 33 रनों से हराकर सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखीं

**सिडनी । (एजेंसी)**



पाकिस्तान ने वर्षा प्रभावित टी20 विश्वकप क्रिकेट मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 33 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही पाक टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनी हुई हैं। पाक के अब 4 मैचों में 4 अंक हो गये हैं। अब पाक को अपने अंतिम मैच में बांग्लादेश को हराना होगा। इसके साथ ही वह चाहेगा कि दक्षिण अफ्रीका नीदरलैंड से अपना अंतिम मैच हार जाये। इस मैच में बारिश के बाद दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 14 ओवरों में 142 रन का लक्ष्य मिला, पर वह इसके जवाब में 9 विकेट पर 108 रन ही बना पायी। ताम्बा बेवुमा 36 और एडम मकराम 20 के अलावा दक्षिण अफ्रीका के अन्य बल्लेबाज सस्ते में ही आउट हो गये। पाक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शादाब खान की 22 गेंद में 52 रन की पारी से 9 विकेट पर 185 रन बनाये। शादाब के अलावा इफ्तिखार अहमद ने 35 गेंद में 51 रन बनाये। इन दोनो ने पारी को संभाला जबकि एक समय टीम ने चार विकेट पर 43 रन बना लिए थे। शादाब ने 20 गेंद में 50 रन बनाये जिसमें चार छक्के और तीन चौके शामिल थे। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाक टीम टूर्नामेंट में फिर अच्छी शुरूआत नहीं कर पायी। पहले ही ओवर में मोहम्मद रिजवान पेवेलियन लौट गये। वहीं फखर जमां की जगह टीम में शामिल किये मोहम्मद हैरिस ने तेजी से रन बनाये। हैरिस ने तीन छक्के और दो चौकों की मदद से 11 गेंद में 28 रन बनाये पर वह एनरिच नोर्किया का शिकार बन गये। हैरिस के आउट होने के बाद पाक का स्कोर दो ओवर के अंदर चार विकेट पर 43 रन हो गया। इसके बाद इफ्तिखार ने मोहम्मद नवाज के साथ मिलकर पारी संभाली और दोनो ने ही पांचवें विकेट के लिये 52 रन बनाये। स्पिनर तबरेज शम्सी ने नवाज को आउट कर पाक को झटका दिया। नवाज के आउट होने के बा शादाब ने इफ्तिखार के साथ मिलकर तेजी से रन बनाये। इन दोनों ने छठे विकेट के लिये 36 गेंद में 82 रन बनाये। इस प्रकार टीम एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तक पहुंची। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका की ओर से नोर्किया ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 41 रन देकर चार विकेट लिए। इसके अलावा कागिसो रबाडा, पार्नेल, लुंगी एनगिडी और शम्सी को एक-एक विकेट मिला।

### संक्षिप्त समाचार

## पंजाब किंग्स ने ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज को बनाया सहायक कोच

**चंडीगढ़ ।** पंजाब किंग्स ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन को फ्रेंचाइजी का सहायक कोच नियुक्त किया है। रिपोर्ट के अनुसान हैडिन टीम में फील्डिंग कोच की भूमिका भी निभाएंगे। इसके अलावा पंजाब किंग्स ने पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर चार्ल लैंगवेल्ट को बतौर गेंदबाजी कोच फ्रेंचाइजी में शामिल किया है। उल्लेखनीय है कि पंजाब किंग्स ने हाल ही में टीम के शीर्ष पदों पर कई बड़े बदलाव किये हैं। फ्रेंचाइजी ने बीते सितंबर अनिल कुंबले की जगह ट्रेवर बेलिस को मुख्य कोच नियुक्त किया, जबकि बुधवार को शिखर धवन को टीम की कप्तानी सौंपी गई। क्रिकबज़ के अनुसार कप्तानी और कोचिंग स्टाफ में हुए बदलावों में बेलिस की भूमिका रही है। क्रिकबज ने फ्रेंचाइजी के सह मालिक नेस वाडिया के हवाले से कहा, 'बोर्ड और मुख्य कोच ने महसूस किया है कि यह दिशा और नेतृत्व में बदलाव का समय है। यह महसूस किया गया कि शिखर राष्ट्रीय कप्तान (एकदिवसीय टीम के) होने के नाते आने वाले सत्र में टीम का नेतृत्व करने के लिए सही व्यक्ति हैं। हमें पूरा भरोसा है कि उनके और ट्रेवर के नेतृत्व में टीम अंतिम चार में जगह बनाएगी। वाडिया ने हालांकि फ्रेंचाइजी के पूर्व कप्तान मयंक अग्रवाल पर कोई टिप्पणी नहीं की। वाडिया के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलहाल, हमने खिलाड़ियों को रिटेन करने या रिलीज करने पर कोई फैसला नहीं लिया है। इसके लिए दो हफ्ते और हैं (टीम 15 नवंबर तक खिलाड़ियों को रिलीज कर सकती है)।

## निश्ना 30वें स्थान के साथ महिलए एमेच्योर एशिया पैसीफिक में शीर्ष भारतीय

**पटाया।** निश्ना पटेल खराब शुरुआत से उबरते हुए पहले दौर में पार 72 के स्कोर से महिला एमेच्योर एशिया-पैसीफिक गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 30वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर हैं। निश्ना ने लगातार दो बोगी के साथ शुरुआत की लेकिन इसके बाद उन्होंने वापसी करते हुए दो बर्डी लगाई जिससे उनका स्कोर इवन पार रहा। अन्य भारतीयों में अवनी प्रशांत (74) संयुक्त 52वें स्थान पर चल रही हैं जबकि कीर्ति चौहान दो बर्डी और तीन बोगी से एक ओवर के स्कोर से संयुक्त 43वें स्थान पर हैं। मन्नत बरार (75) संयुक्त 61वें, सिफत सागू (77) संयुक्त 71वें और कीरत कांग (79) संयुक्त 78वें पायदान पर हैं।



# राष्ट्रमंडल खेलों की लॉन बॉल्स स्पर्धा की पदक विजेताओं को नहीं मिल रहे स्पॉन्सर और मान्यता

**नई दिल्ली।(एजेंसी)**



तीन महीने पहले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार लॉन बॉल्स में पदक जीतकर सुर्खियां बटोरने वाली खिलाड़ियों को अब अपनी अगली प्रतियोगिता के लिए प्रायोजक की तलाश है। दिल्ली की स्कूल शिक्षिका और पुलिस कांस्टेबल की महिला टीम ने बर्मिंघम के समीप विक्टोरिया पार्क में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद पुरुष टीम ने भी रजत पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों में 1930 में शामिल किए जाने के बाद भारत ने पहली बार इस खेल में पदक जीता। पुरुष फोर टीम के सबसे युवा सदस्य नवनीत सिंह को छह अगस्त को पोडियम पर जगह बनाने के बाद उम्मीद थी कि उनका जीवन बदलेगा लेकिन 'ये सभी निराश हैं कि फिर वहीं पहुंच गए जहां तीन महीने पहले थे। भारतीय बॉलिंग महासंघ को इस महीने चैंपियन्स ऑफ चैंपियन्स टूर्नामेंट के लिए दो सदस्यीय टीम को न्यूजीलैंड भेजना था लेकिन वित्तीय संकट के कारण वह पीछे हट गया। भारतीय बॉलिंग महासंघ के कोषाध्यक्ष कृष्ण बीर सिंह राठी ने पीटीआई से कहा, ''प्रति व्यक्ति खर्च सात लाख रुपये आता है और खिलाड़ी आम तौर पर स्वयं पैसे का इंतजाम करते हैं। हमें उम्मीद है कि हमें जल्द ही केंद्र सरकार की मान्यता मिलेगी जिससे कि हमें ट्रेनिंग और प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए कोष के बारे में चिंता नहीं करनी पड़े। दिल्ली में 12 साल पहले राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान खेल से जुड़ने वाले 27 साल के नवनीत ने भी निराशा जाहिर की। राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने के लिए विमान उड़ाने की परीक्षा में हिस्सा नहीं लेने वाले दिल्ली के नवनीत ने कहा, ''हमने सोचा था कि चीजें बदलेंगी लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ। हमें सरकार ने जल्द मान्यता मिलने की उम्मीद थी जिससे कि काफी पहले ही अपना प्रतियोगिता कैलेंडर बना पाएं। नवनीत की टीम के अन्य सदस्यों में 37 साल के खेल शिक्षक चंदन कुमार, झारखंड पुलिस के अधिकारी सुनील बहादुर और दिनेश कुमार शामिल थे। स्वर्ण पदक विजेता महिला टीम में पिंकी, लवली चौबे, रूपा रानी टिर्की और नयनमोनी सेकिया को जगह मिली थी।

## आईसीसी ने विराट, मिलर और रजा को अक्टूबर महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के लिए नामांकित किया

**दुबई ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को अक्तूबर महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अवॉर्ड के लिए नामांकित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है। आईसीसी ने नामांकित खिलाड़ियों की सूची भी जारी कर दी है। इसमें उनका मुकाबला दक्षिण-अफ्रीका के डेविड मिलर और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा से होगा। विराट के अलावा मिलर और रजा ने भी हाल में काफी रन बनाये है। इससे मुकाबला कांटे का हो है। टी20 विश्व कप में शानदार बल्लेबाजी के कारण कोहली को पहली बार इस अवार्ड के लिएनॉमिनेट किया गया है। पिछले साल शुरू हुए इस अवॉर्ड के बाद कोहली की फॉर्म निराशजनक रही थी पर कोहली पिछले कुछ महीनों से अपने पुराने रंग में नजर आये हैं और वह लगातार आक्रामक पारियां खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसी कारण ही उन्हें पहली बार इस सूची में जगह मिली है। विराट ने पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप में 51 गेंदों में अपनी शानदार 82 रन की पारी खेलकर भारतीय टीम को जीत दिलाई थी। इससे अगले मैत में कोहली ने नीदरलैंड के खिलाफ 44 गेंदों में नाबाद 62 रन की पारी खेली। इसके अलावा कोहली ने महीने की शुरुआत में गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ 28 गेंदों में नाबाद 49 रनों की शानदार पारी खेली थी। कुल मिलाकर, कोहली ने 150.73 की शानदार स्ट्राइक-रेट के साथ अक्टूबर महीने में 205 टी20 रन बनाए हैं। वहीं मिलर इस साल अच्छे फॉर्म में रहे हैं। मिलर ने महीने की शुरुआत गुवाहाटी में भारत के खिलाफ एक टी20 मैच में 47 गेंदों में नाबाद 106 के रन की पारी खेली, लेकिन इस मैच में उनकी टीम को हार मिली। इसके बाद टी20 विश्व कप में मिलर ने नाबाद 59 रन की पारी खेली। इन दोनों पारियों के बीच मिलर ने भारत के खिलाफ एकदिवसीय मैच में भी नाबाद 75 रन की एक और उत्कृष्ट पारी खेली। कुल मिलाकर, मिलर ने पिछले महीने संयुक्त रूप से एकदिवसीय और टी20 में सात पारियां खेली और उनमें से छह में वह नाबाद रहे। वहीं जिम्बाब्वे के अनुभवी ऑलराउंडर रजा ने इसी माह शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन दिखाया।

## अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में फिंच का खेलना तय नहीं

**एडिलेड ।** ऑस्ट्रेलिया कप्तान आरोन फिंच के शुक्रवार को यहां एडिलेड ओवल में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 मैच में खेलन पर संशय बना हुआ है। फिंच का कहना है कि अगर उन्हें अपनी हैमस्ट्रिंग या उसके आसपास दर्द होता है तो वह इस मैच में नहीं उतरेंगें। फिंच ने कहा, इस मैच में उनके उतरने की संभावना 70 फीसदी है पर 30 फीसदी नहीं खेलने की संभावनाएं बनी हुई हैं। इसके लिए वह एक बार फिर फिटनेस जांच से गुजरेंगे। कप्तान ने कहा, अगर मुझे लगता है कि यह एक फीसदी भी प्रदर्शन से समझौता करने जैसा होगा तो मैं नहीं खेलूंगा। अगर मुझे अपनी हैमस्ट्रिंग में आत्मविश्वास महसूस नहीं होता है, तो मैं नहीं खेलूंगा। हो सकता है कि आज मैं जो पहला प्रयास कर रहा हूं, वह आखिरी प्रयास में हो सकता है। अगर मुझे कोई दर्द या ऐसा कुछ महसूस होता है, तो मैं नहीं खेलूंगा। गौरतलब है कि फिंच और टिम डेविड दोनों ही आयरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के सुपर 12 मैच में हैमस्ट्रिंग की चोट के परेशान थे। इस कारण वे पारी के दूसरे भाग में क्षेत्ररक्षण से बचते नजर आए थे। फिंच ने कहा कि डेविड का खेलने का रुख भी इसी प्रकार का है।

# भारत की जीत से तिलमिलाए अफरीदी ने आईसीसी पर ही लगा दिया आरोप

**(एजेंसी)**

बुधवार को टी20 विश्व कप मैच में भारत ने बांग्लादेश को एक बेहद रोमांचक मैच में डकवर्थ लुईस नियम अनुसार 5 रन से हरा दिया। हालांकि, मैच के बाद बांग्लादेशियों को हार पची नहीं, पहले तो मैच के दौरान उन्होंने अंपायर के फैसले पर सवाल उठाया और फिर मैच के बाद विराट कोहली पर फेक फील्डिंग का आरोप लगाकर विवाद खड़ किया। मैच के बाद अकेली बांग्लादेश ही ऐसी टीम नहीं थी जो तिलमिला रही थी, बल्कि पड़ोसी देश के एक पूर्व खिलाड़ी को भी भारत की जीत नहीं पची और विवाद को देख पड़ोसी देश से कोई टांग न अड़ाए ऐसा कैसे हो सकता है। मैच के विवाद को चिंगारी देते हुए पाक टीम के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने एक गैर जिम्मेदराना टिप्पणी करते हुए आईसीसी पर ही आरोप लगा दिया। अफरीदी ने कहा,शाकिब अल हसन ने भी यही कहा और यह स्क्रीन पर भी दिखाया गया। आपने मैदान देखा था कि मैदान कितना गीला था, लेकिन मुझे लगता है कि आईसीसी का झुकाव भारत की ओर है, इसी लिए उन्होंने मैच दोबारा शुरू करवाया। वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि भारत सेमीफाइनल में पहुंचे वो भी किसी भी कीमत पर और अंपायर भी वही थे, जिन्होंने भारत बनाम पाकिस्तान मैच में मौजूद थे। दुनिया जानती है कि उन्हें सर्वश्रेष्ठ अंपायर का पुरस्कार मिलेगा। गौर हो कि मैच दौरान हुई कुछ घटनाओं विवाद पैदा कर दिया। शाकिब अल हसन ने सबसे पहले भारत की बल्लेबाजी के दौरान असंतोष व्यक्त किया, क्योंकि अंपायर ने स्ट्राइक पर बल्लेबाज की अपील करने के बाद गेंद को नो-बॉल घोषित कर दिया। फिर, बांग्लादेश के विकेटकीपर ने फर्जी फिल्डिंग का आरोप लगाया था। इसके अलावा मैच के बाद शाकिब ने यह भी कहा था कि मैदान बारिश से बहुत गिला हो गया था। अफरीदी ने इसी विवाद के बाद अपनी टिप्पणी दी है। बता दें कि मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 6 विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाए थे। बांग्लादेश टीम के लक्ष्य के पीछा करते हुए एक वक्त पर ऐसा भी लग रहा था कि भारत इस मैच को हार चुका है, क्योंकि 185 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने लिटन दास के तूफानी अर्धशतक के चलते बिना विकेट गंवाए 7 ओवर में 66 रन का स्कोर बोर्ड पर खड़ा कर दिया था, लेकिन इसके बाद बारिश ने बाधा डाली और बारिश रूकने के बाद बांग्लादेश को संशोधित लक्ष्य के चलते अब 9 ओवर में मात्र 84 रन चाहिए थे। मैच पूरी तरह बांग्लादेश के पक्ष में था, लेकिन भारत ने इसी वक्त रूख पलट दिया और मैच जीत लिया था।

## सूर्यकुमार भविष्य में और बेहतर बल्लेबाज बनेंगे : टेलर

**एडीलेड ।(एजेंसी)**

न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर रॉस टेलर ने भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि भविष्य में वह और बेहतर होकर उबरेंगे। सूर्यकुमार ने टी20 क्रिकेट में पदार्पण के बाद से ही जमकर रन बनाये है। इसी कारण वह इस प्रारुप में नंबर एक बल्लेबाज बन गये हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 21 टी20 मैच में भारतीय टीम की ओर से चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 177 के अविश्वसनीय स्ट्राइक रेट और 40.65 के औसत से रन बनाये हैं। सूर्यकुमार ने इस दौरान एक शतक भी लगाया। सामान्य स्थिति में वह 46.56 के औसत और 184.86 की स्ट्राइक रेट के साथ रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंच गए पर टेलर का मानना है कि सूर्यकुमार अगर ऊपरी क्रम पर आते हैं तो और भी बेहतर रिकार्ड बना सकते हैं। टेलर ने कहा, 'चार-पांच नंबर टी20 में बल्लेबाजी करने के लिए सबसे कठिन जगह है। जब आप लोकेश राहुल, रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे कुछ शानदार बल्लेबाजों के पीछे बल्लेबाजी कर रहे हों तो नंबर 1 पर होना, और उसके लिए बेहतर प्रदर्शन करना आसान नहीं है।' उन्होंन कहा, मुझे यकीन है कि समय के साथ वह उस क्रम में बल्लेबाजी करना शुरू कर देंगे या जहां वह चाहते हैं। चार पर बल्लेबाजी करने वाले व्यक्ति के लिए, यह अद्भुत रिकार्ड है।' टेलर ने आगे कहा, 'मुझे नहीं पता कि वह यह कैसे बल्लेबाजी करते हैं। वह वास्तव में स्थिति को अच्छी तरह से समझते हैं, विकेटों के बीच अच्छा दौड़ते हैं, लेकिन उनके पास बहुत आत्मविश्वास है. एक बार जब वह अपने को समय दे देते हैं, तो वह अच्छी बल्लेबाजी करने लगते हैं, क्योंकि ऐसा लगता है कि वह इस समय कहीं भी गेंद को हिट कर सकते हैं।'

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# गुलाबी मौसम में जरा बच के...



मौसमी बदलाव की आहट आ चुकी है। सुबह-शाम ठंड और प्रदूषण वाली हल्की धुंध भी असर दिखाने लगी है। इसके साथ ही शुरू हो गई हैं सेहत से जुड़ी कई तरह की समस्याएं। लापरवाही के चलते किसी को सर्दी-जुकाम या चेस्ट कंजेशन जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तो कुछ लोग ठंड की वजह से जॉगिंग बंद करने से परेशान हैं। थोड़ी-सी सावधानी आपको इस बदलते मौसम में फिट रख सकती है

## घर पर करें वॉर्मअप

अगर आपको डायबीटीज, अस्थमा या दिल की बीमारी है तो सुबह-शाम बाहर निकलने से बचें, क्योंकि इस समय कोहरे के साथ प्रदूषण मिलकर पूरे वातावरण में फैल जाता है। इस दौरान बाहर निकलने से सांस के जरिए प्रदूषण फेफड़ों तक पहुंचकर कंजेशन बढ़ा सकता है। इससे आपको सांस लेने में तकलीफ हो सकती है या अस्थमा का अटैक आने का खतरा बढ़ जाता है।



ऐसे में या तो धूप खिलने और आसमान साफ होने के बाद जॉगिंग या एक्सरसाइज के लिए बाहर निकलें या घर में ही एक्सरसाइज कर सकते हैं। इस मौसम में दो तरह की एक्सरसाइज आपके लिए फायदेमंद हो सकती है।

## 1. कॉर्डियोवेस्कुलर वर्कआउट

सर्दियों में शरीर में जमने वाले एक्स्ट्रा फैट का सबसे ज्यादा असर दिल पर पड़ता है। एम्स में मेडिसिन डिपार्टमेंट में प्रफेसर डॉ. ए.बी. डे का कहना है कि यह फैट दिल की धड़कनों पर बुरा असर डालता है। ऐसे में दिल से जुड़ी बीमारियों की आशंका इस मौसम में कई गुना बढ़ जाती है। वजन बढ़ने की समस्या भी इसी मौसम में ज्यादा होती है। इस तरह की परेशानी से निबटने के लिए आप घर पर ही कॉर्डियोवेस्कुलर ट्रेनिंग से जुड़ी आसान एक्सरसाइज कर सकते हैं। इसमें आपको 20 मिनट या इससे थोड़ा ज्यादा समय तक ऐसे व्यायाम करने होंगे, जो आपके दिल की धड़कनों को सामान्य से काफी तेज कर दें। घर पर आजमाई जाने वाली कॉर्डियोवेस्कुलर ट्रेनिंग के तहत अपनी जगह पर ही खड़े होकर जॉगिंग कर सकते हैं, रस्सी कूद सकते हैं, लगातार 20 से 25 बार उछल सकते हैं, घर की सीढ़ियों पर दो-तीन बार तेजी से ऊपर-नीचे कर सकते हैं। आप इनमें से हर एक को आजमा सकते हैं। हर तरह की एक्सरसाइज को 5-5 मिनट के लिए किया जा सकता है। ये तरीके आपके बाहर निकलने की परेशानी को भी दूर करेंगे, साथ ही आपके दिल को हमेशा जवां रखेंगे।



## 2. मांसपेशियों व जोड़ों से जुड़ा वर्कआउट

सर्दियों में मांसपेशियों का जकड़ जाना भी आम समस्या है। इसके अलावा, इस मौसम में जोड़ों के दर्द की परेशानी भी देखने को मिलती है। इसके लिए घर पर ही कुछ खास तरह की एक्सरसाइज के जरिए इन्हें दूर किया जा सकता है। मांसपेशियों के जकड़ जाने पर उन्हें व्यायाम के जरिए ही आराम पहुंचाया जा सकता है। पुशअप और पुलअप मांसपेशियों को लचीला बनाए रखने का आसान तरीका है। इसके लिए कहीं भी बाहर निकलने की जरूरत नहीं है। इसके साथ घर पर ही एक्सरसाइज के कुछ खास उपकरणों के जरिए भी मांसपेशियों की जकड़न को दूर किया जा सकता है। डंबल से वॉर्मअप किया जा सकता है। जोड़ों के दर्द को दूर करने के लिए आपको व्यायाम के लिए अलग से वक्त भी नहीं निकालना है। काम करते हुए भी कुछ मिनट का ब्रेक लें और बैठे-बैठे ही हाथ और पैरों के जोड़ को घुमाते रहें।


## अपनाएं ये टिप्स

- कपड़ों का खास ध्यान रखें, अगर सुबह बाहर निकलते हैं तो गर्म कपड़े साथ रखें ताकि ठंड लगने पर उनका इस्तेमाल कर सकें।
- सुबह देर से घर से निकलने वाले अक्सर लापरवाही का शिकार होते हैं। देर शाम घर लौटते वक्त मौसम ठंडा हो जाता है, लेकिन दिन की गर्मी देखकर आप गर्म कपड़े आपने साथ नहीं रखते। ऐसी गलती न करें।
- अगर डायबीटीज, हाई ब्लड प्रेशर या अस्थमा जैसी समस्या है तो अपने डॉक्टर से मिलकर मौजूदा मौसम के हिसाब से दवाओं के डोज आदि की जानकारी लें और दवाएं नियमित लें।
- बाइक चलाते वक्त विंड शीटर और मफलर का इस्तेमाल करें, क्योंकि सीने और नाक-कान के जरिए ठंडी हवा शरीर तक पहुंचने से समस्या बढ़ती है।
- बच्चों और बुजुर्गों का खास ध्यान रखें, क्योंकि इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता युवा लोगों के मुकाबले कम होती है।
- ठंड में आपको प्यास का अहसास कम होता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आपके शरीर को कम पानी की जरूरत होती है। ठंड में भी खूब सारा पानी पिएं।
- साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। वायरल बेहद संक्रामक होता है। साफ-सफाई में हल्की-सी लापरवाही होने पर भी यह तेजी से एक-दूसरे तक फैलता है।



## कंप्यूटर पर काम करते वक्त

# आंखों को दें थोड़ा आराम



आज कंप्यूटर हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। हर काम हमें कंप्यूटर पर ही करना होता है। लेकिन, कंप्यूटर पर लगातार काम करते रहने का असर हमारी आंखों पर पड़ता है। इसकी वजह से कई बार हमारी आंखें लाल और थकी हुई लगती हैं। इतना ही नहीं इससे आंखों की रोशनी पर भी प्रभावित होती है। इसलिए जरूरी है कि कंप्यूटर पर काम करते समय हम उसकी ब्राइटनेस को अडजस्ट करें, जिससे उसका ज्यादा असर हमारी आंखों पर न हो। आइए आज हम आपको ऐसे ही कुछ तरीकों के बारे में बता रहे हैं जिनसे आप अपनी आंखों का ख्याल रख सकते हैं-

आंखों के लिए लें ब्रेक - कंप्यूटर स्क्रीन पर लगातार नजरें गढ़ाए रखने से आंखों पर काफी दबाव पड़ता है। तो इसके लिए जरूरी है कि आप थोड़ी-थोड़ी देर के लिए ब्रेक लेते रहें। कुछ देर के लिए अपनी नजरें कंप्यूटर से हटाकर दूर किसी चीज पर केंद्रित करें या फिर आप यूं ही कुछ देर के लिए अपनी सीट से उठकर घूमने जा सकते हैं। यह प्रॉसेस 20-30 मिनट के अंतराल पर कीजिए।

पलकें झपकाते रहें- पलकों को लगातार झपकाते रहना आंखों को तरो-ताजा बनाए रखने और उस पर पड़ने वाले दबाव को कम करने का कारगर तरीका है। कंप्यूटर पर काम करने वालों को हर तीन-चार सेकेंड में अपनी पलकों को झपकाते रहना चाहिए। दरअसल हमारी आंखों में एक द्रव्य होता है, जो पलकों के झपकाने से बनता है। लेकिन अगर आप बिना पलक झपकाए काम करते रहेंगे तो यह द्रव्य सूख सकता है और इससे आंखों की रोशनी जा सकती है।

कंट्रास्ट कम करना रहेगा बेहतर- अगर आपकी आंखों पर बहुत ज्यादा जोर पड़ रहा है, तो एक बार अपने कंप्यूटर की ब्राइटनेस और कॉन्ट्रास्ट को भी अडजस्ट करके देखिए। इससे भी आपकी आंखों को फायदा होगा। कंप्यूटर की ब्राइटनेस न तो ज्यादा और न ही कम रखें।

कंप्यूटर फ्रेंडली बनें - ध्यान रखना होगा कि वर्कप्लेस पर रोशनी पर्याप्त है या नहीं। आपको एसी के नीचे बैठने से बचना चाहिए क्योंकि इससे आंखों की नमी कम हो सकती है और आंखें रूखी हो सकती हैं।

# इन्हें आजमाएं, कब्जियत दूर करें

हर एक रोगी आहार-विहार में असंयम के कारण कब्ज का शिकार होता है। कब्ज से ही दुनिया-भर की बीमारियाँ होती हैं। अपना आहार विहार सुसंयमित कर लें तो कभी कोई बीमारी नहीं होगी। असंयम के कारण कभी कोई रोग हो भी जाये तो प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से उसका धैर्यपूर्वक इलाज कराना चाहिए। ऐसा कोई रोग नहीं जो प्राकृतिक चिकित्सा से अच्छा नहीं किया जा सकता हो। प्राकृतिक चिकित्सा प्राणीमात्र के लिए वरदान है। अतः पहले संयम से रहकर कब्ज मिटाइए।



पहला प्रयोग - रात का रखा हुआ सवा लीटर पानी हर रोज सुबह सूर्योदय से पूर्व बासी मुँह पीने से कभी कब्जियत नहीं होगी तथा अन्य रोगों से सुरक्षा होगी।

दूसरा प्रयोग- रात्रि में पानी के साथ 2 से 5 ग्राम त्रिफला चूर्ण का सेवन करने से अथवा 3-4 तोला (40-50 ग्राम) मुनक्का (काली द्राक्ष) को रात्रि में ठण्डे पानी में भीगोकर सुबह उन्हें मसलकर, छानकर थोड़े दिन पीने से कब्जियत मिटती है।

तीसरा प्रयोग- एक हरड़ खाने अथवा 2 से 5 ग्राम हरड़ के चूर्ण को गर्म पानी के साथ लेने से कब्ज मिटती है।

चौथी प्रयोग - गुडुच का सेवन लंबे समय तक करने से कब्ज के रोगी को लाभ होता है।

पाँचवाँ प्रयोग कड़ा मल होने व गुदाविकार की तकलीफ में जात्यादि तेल या मलहम को शौच जाने के बाद अंगुली से गुदा पर लगायें। इससे 7 दिन में ही रोग ठीक हो जायगा। साथ में पाचन ठीक से हो ऐसा ही आहार लें। छोटी हरड़ चबाकर खायें।

छठा प्रयोग- एक गिलास सादे पानी में एक नींबू का रस एवं दो-तीन चम्मच शहद डालकर पीने कब्ज मिट जाता है।

सातवाँ प्रयोग- एक चम्मच सौंफ का चूर्ण और 2-3 चम्मच गुलकन्द प्रतिदिन दोपहर के भोजन के कुछ समय पश्चात् लेने से कब्ज दूर होने में सहायता मिलती है।

सावधानी - कब्ज सब रोगों का मूल है। अतः पेट को सदैव साफ रखना चाहिए। रात को देर से कुछ भी न खायें तथा भोजन के बाद दो घंटे तक न सोयें। मैदे से बनी वस्तुएँ एवं दही अधिक न खायें।

# कैसा हो भोजन

भोजन हमारी मूल आवश्यकता है। इसके बगैर अधिक दिनों तक जीवित नहीं रहा जा सकता है, लेकिन वह कब, कैसे और कितना करना चाहिए, इस बारे में आमजनों को जानकारी नहीं है। परिणामस्वरूप उन्हें अपच, गैस, एसिडिटी कब्ज आदि की शिकायत होने लगती है। भोजन ऐसा हो जो शरीरी को पोषण प्रदान करें।

भोजन ऐसा हो जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्वों का समावेश हो यानी प्रोटीन, विटामिन, वसा, कार्बोहाइड्रेट्स, खनिज, लवन तथा रेशा। भोजन में सलाद का होना जरूरी है, जिसमें ककड़ी, टमाटर, प्याज, चुकंदर, पत्तागोभी, मूली, गाजर आदि हो।

भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां अवश्य हो जैसे पालक, मेथी, बथुआ, मूली आदि इसके अलावा मौसमी सब्जियां, जैसे गिलकी, तुरई, भिंडी, पत्ता गोभी, फूल गोभी, लौकी, कद्दू, गवारफली, मटर, टिंडा, हरा चना, आलू, अरबी आदि।

दालों को अपने भोजन में अवश्य शामिल करें, जिसमें मूंग, तुअर, चना, मसूर की दाल शामिल है। उड़द की दाल का सेवन कम करें।



## कब न करें

जब मन खिन्न, उदास हो
जब किसी की बीमारी या मौत का सदमा लगा हो
जब आप गुस्से और तनाव में हों
जब आपके घर में पारिवारिक कलह मच रहा हो
जब भूख न हो।

## कैसे करें

जल्दबाजी में नहीं, धैर्यपूर्वक करें
खड़े होकर नहीं, बैठकर भोजन करें
भोजन को ठीक से चबाकर करना चाहिए
भोजन के दौरान अधिक बतियाएं नहीं
भोजन करते समय अपना टीवी, मोबाइल फोन बंद रखें
भोजन करते समय अखबार या पत्रिकाएं न पढ़ें
भोजन को शांतभाव और प्रसन्नचित होकर करना चाहिए
एक हाथ से भोजन करें, दोनों हाथ जूठे करना ठीक नहीं
लेटे-लेटे भोजन करने की प्रवृति ठीक नहीं।
भोजन के पहले यह करें
हाथ, मुंह और पैर अच्छे से धोएं
सुविधाजनक कपड़े पहनें
यदि भोजन के पहले कोई दवा गोली लेना हो तो वह लें
यदि शौच की हाजत लगे तो निवृत हो लें
भोजन से ठीक पहले यह न करें
चाय, कॉफी या कोल्ड ड्रिंक का सेवन न करें
डटकर पानी न पिएं।

## कितना करें

भूख से थोड़ा कम खए

भोजन की जरूरत शारीरिक श्रम के अनुसार कम अधिक हो सकती हैं।

बढ़ती आयु के किशोरों को अधिक तथा प्रौढों व वृद्धों को कम भोजन की आवश्यकता होती है।

कितना ही पसंदीदा भोजन क्यों न हो जरूरत से ज्यादा न करें

खाने के लिए जीने की बजाय जीने के लिए खाने का सिद्धांत अपनाएं

सप्ताह में एक दिन उपवास रखें

सर्दियों में पाचन क्रिया तेज रहती है, लेकिन गर्मी व बारिश में मंद पड़ जाती है

भोजन करने के दौरान किसी अप्रिय प्रसंग को न छेड़ें
भोजन जैसा भी बना हो उसे स्वीकार करें
भोजन के दौरान उत्तेजित न हों
थाली को छोड़कर कोई काम निपटाने न जाएं

## भोजन के बाद यह करें

मूत्र त्याग के लिए जाएं
दिन के भोजन के बाद 20 मिनट विश्राम करें
रात्रि भोजन के बाद 100 कदम टहले
भोजन के एक घंटे बाद पानी पिएं

## भोजन के बाद यह न करें

भोजन के तुरंत बाद ढेर सारा पानी न पिएं
भोजन के तुरंत बाद कॉफी, कोल्ड ड्रिंक, आइस्क्रीम आदि का सेवन न करें।
भोजन के तुरंत बाद अधिक परिश्रम वाले कार्य न करें
भोजन करते ही शौच के लिए न जाएं
भोजन के तुरंत बाद कसरत या व्यायाम वर्जित है।

## पाकिस्तान में बाढ़ प्रभावित 20 लाख बच्चे अब भी नहीं जा रहे विद्यालय: संयुक्त राष्ट्र

इस्लामाबाद। संयुक्त राष्ट्र बाल एजेंसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान में इस साल गर्मी में बाढ़ से तबाह हुए इलाकों में अब भी 20 लाख बच्चे विद्यालय नहीं जा रहे। संयुक्त राष्ट्र बाल आपातकालीन कोष (यूनिसेफ) के मुताबिक मध्य जून में आई बाढ़ के कारण करीब 27 हजार विद्यालय क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गये। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने कहा कि बाढ़ का पानी पूरी तरह घटने में अभी महीनों लग जाएंगे। एजेंसी के मुताबिक कुछ स्थानों पर केवल स्कूल की छतें अभी दिखनी शुरू हुई हैं, जबकि बाकी हिस्सा अब भी पानी में डूबा है। इस भीषण बाढ़ में 1735 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3.3 करोड़ लोग विस्थापित हुए जिनमें से ज्यादातर लोग सर्वाधिक प्रभावित सिंध और बलूचिस्तान प्रांत के हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक बाढ़ के कारण जान गंवाने वालों में 647 बच्चे भी शामिल हैं। यूनिसेफ के शिक्षा प्रमुख राबर्ट जेंकिंस ने बाढ़ की विभीषिका से बचाये गये कुछ लोगों से बृहस्पतिवार को मुलाकात की। जेंकिंस ने कहा कि यह अभी कहना कठिन है कि विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चे कब से कक्षाओं में जाना शुरू करेंगे। यूनिसेफ ने पाकिस्तान के बाढ़ प्रभावित इलाकों में 500 से अधिक अस्थायी शिक्षण केंद्र स्थापित किये हैं। पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से गुहार लगाई है कि वह बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अपना सहयोग बढ़ाएं, जिन्हें अब आगामी सर्दी का डर सता रहा है। चीन ने बुधवार को पाकिस्तान की सहायता के लिए 6.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त सहायता का ऐलान किया था। इसी के साथ पाकिस्तान को अब तक चीन की ओर से दी गई कुल खाद्य सहायता बढ़कर 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गई। पाकिस्तान की मदद करने के लिहाज से अमेरिका दूसरे नंबर पर है जिसने अब तक बाढ़ पीड़ितों के लिए 9.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर की मदद दी है। विश्व बैंक के मुताबिक बाढ़ के कारण पाकिस्तान को 40 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है।

## इजराइल हिंसा: पुलिस से झड़प में दो फलस्तीनियों की मौत

इजराइल के सुरक्षा बलों ने पश्चिमी तट में बृहस्पतिवार को एक फलस्तीनी की हत्या कर दी जबकि पूर्वी यरूशलम में एक पुलिस अधिकारी को चाकू मारने के बाद एक अन्य फलस्तीनी को गोली मार दी गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। इजराइल में इसी सप्ताह राष्ट्रीय चुनाव कराये गये और मतों की गिनती के अंतिम चरण में होने के बीच यह हिंसा हुयी है। इस चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री वेंजामिन नेतन्याहू को उनके दक्षिणपंथी सहयोगियों की मदद से बहुमत मिलने की संभावना है। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कब्जे वाले पश्चिमी तट में इजराइल के हमले में एक फलस्तीनी व्यक्ति की मौत हो गयी। इजराइली पुलिस ने दावा किया कि यह घटना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान उस वक्त हुयी जब उस व्यक्ति ने सुरक्षा बलों पर बम फेंका। मंत्रालय ने मरने वाले व्यक्ति की पहचान दाउद मोहम्मद खलील रेयान (42) के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को हुयी एक अन्य घटना में एक फलस्तीनी ने यरूशलम के ओल्ड सिटी में एक पुलिस अधिकारी को चाकू मार दी। इसके बाद अधिकारी ने हमलावर पर गोली चलाई जिससे उसकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हो गया।

## ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने हत्या के मामले में भारतीय संदिग्ध, जानकारी देने वाले को 10 लाख डॉलर का इनाम

ऑस्ट्रेलिया पुलिस ने क्वीन्सलैंड में 2018 में एक समुद्र तट पर 24 साल की ऑस्ट्रेलियाई महिला की कथित हत्या कर भारत भाग जाने वाले भारतीय चिकित्सा सहायक को पकड़ने में मदद के लिए सूचना देने वाले को दस लाख डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है। क्वीन्सलैंड पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि टोया कॉर्डिंगली 21 अक्टूबर 2018 को केयर्न्स से 40 किलोमीटर दूर वांगेटी बीच पर अपने कुत्ते को घुमा रही थीं तभी उनकी हत्या कर दी गयी। बयान के अनुसार इनिसफेल में कार्यरत नर्स राजविंदर सिंह (38) मामले में प्रमुख संदिग्ध है लेकिन वह कॉर्डिंगली की हत्या के दो दिन बाद देश से चला गया और अपनी पत्नी तथा तीन बच्चों को यहीं छोड़ गया। क्वीन्सलैंड पुलिस अब सिंह की तलाश में उसकी मदद करने वाले नागरिक को 10 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर देने की पेशकश कर रही है। यह क्वीन्सलैंड पुलिस द्वारा अब तक के सबसे बड़े इनाम की पेशकश है। एजेंसी की अधिकारी सोनिया स्मिथ ने कहा कि यह अनोखा इनाम होगा। सिंह मूल रूप से पंजाब के बुत्तर कलां का रहने वाला है।

## 2020 के चुनाव के बारे में झूठ फैलाना: बाइडन

### -ट्रंप पर निशाने साधते हुए कहा-खतरे में अमेरिकी लोकतंत्र

वाशिंगटन । अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि साल 2020 के चुनाव के बारे में झूठ फैलाना जारी है ।उन्?होंने आगे कहा कि लोकतंत्र को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। साथ ही लोकतंत्र की रक्षा करनी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मध्यावधि चुनाव में जाने से ठीक एक सप्ताह पहले राजनीतिक हिंसा और लोकतंत्र को मुद्दा बनाया है। उन्होंने डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी में एक भाषण दिया है ।उन्होंने इस भाषण में कहा कि अमेरिकी लोकतंत्र पर हमला हो रहा है, क्योंकि अमेरिका के पराजित पूर्व राष्ट्रपति ने 2020 के चुनाव के परिणामों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है.लोकतंत्र के संरक्षण और रक्षा पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए बाइडन ने कहा कि हम लोकतंत्र को हल्के में नहीं ले सकते हैं ।बाइडन ने अपने भाषण में राजनीतिक हिंसा पर भी बात की ।उन्होंने कहा कि डेमोक्रेट्स, रिपब्लिकन और निष?पक्ष अधिकारियों के खिलाफ हो रही हिंसा सत्ता और लाभ के लिए बोले गए झूठ का नतीजा है। इसके अलावा यह सब साजिश रचने, क्रोध, नफरत और हिंसा भड़काने के लिए झूठ को दोहराते जाने का परिणाम है ।उन्होंने कहा कि पूर्व राष?ट्रपति ने लोगों की इच्छा को स्वीकार करने से इनकार कर दिया ।उन्होंने इस तथ्य को स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि वह हार गए हैं ।उन्होंने अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया और संविधान के प्रति वफादारी से पहले खुद के प्रति वफादारी रखी ।इसके साथ ही उन्होंने एक बड़े झूठ पर उस पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को विश्वास दिलाया।

## पुतिन के फैसले से रुस की सेना भी दहशत में

### -यूक्रेन वार में रुस की 'प्राइवेट सेना', करती है सारे गंदे काम

कीव। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने अब ऐसा फैसला लिया है कि खुद रूस के लोगों के साथ-साथ सेना भी दहशत में है। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन के साथ युद्ध में रूस ने सैनिकों की कमी होते देख पुतिन ने प्राइवेट आर्मी (वैगनर ग्रुप) की मदद ले रखी थी। इसी क्रम में एक अरबपति बिजनेसमैन ने दावा किया है कि वैगनर समूह के नेता का अब क्रेमलिन में एक मंत्री के रूप में उतना ही राजनीतिक प्रभाव है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, मिखाइल खोदोरकोव्स्की ने कहा है कि वैगनर समूह की पुतिन तक उतनी ही पहुंच थी, जितनी औपचारिक सरकारी अधिकारियों की थी ।वैगनर 2014 में यूक्रेन में उभरा और पश्चिम द्वारा सीरिया और मध्य अफ्रीकी गणराज्य जैसे देशों में क्रेमलिन के 'डर्टी वर्क' करने का संदेह है। हालांकि इस आरोप को रूस ने हमेशा खारिज किया है ।वर्तमान में, वैगनर यूक्रेन, सीरिया और कुछ अफ्रीकी देशों में सक्रिय है ।यह आरोप लगाया गया है कि यह समूह यूक्रेन में आतंकवाद के अभियान में शामिल है, जिसमें हत्या, बलात्कार, बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना और परमाणु सुविधाओं के आसपास विस्फोटक लगाना शामिल है ।हालांकि, वैगनर समूह आधिकारिक तौर पर मौजूद नहीं है ।शैडो फोर्स की स्थापना क्रेमलिन से जुड़े व्यवसायी येवगेनी प्रिगोझिन ने की थी ।मिखाइल खोदोरकोव्स्की ने कहा है कि नेता के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों के कारण क्रेमलिन में अन्य वरिष्ठ मंत्रियों के साथ प्रिगोझिन का प्रभाव बराबर था ।उन्होंने कहा, 'प्रिगोझिन का प्रभाव लगभग रूस के रक्षा मंत्री, या विदेश मंत्री के प्रभाव के बराबर है.' उन्होंने कहा, 'प्रिगोझिन, पुतिन के काफी करीब थे कि उन्हें राष्ट्रपति की ओर से क्षमा पर हस्ताक्षर करने की भी अनुमति दी गई थी ताकि उन्हें 'अपराधों की गंभीरता के बावजूद' जेलों से अपराधियों को भर्ती करने की अनुमति मिल सके.'वैगनर के लोग हाल के वर्षों में यूक्रेन, सीरिया, लीबिया, मध्य अफ्रीकी गणराज्य और माली में सक्रिय रहे हैं ।आलोचक इसे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा नियंत्रित एक शैडो फोर्स के रूप में देखते हैं, जिसका इस्तेमाल फ्रंट-लाइन सेनानियों, प्रशिक्षकों और सलाहकारों को प्रदान करके विदेशों में रूसी हितों को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है ।संयुक्त राष्ट्र, पश्चिमी सरकारों और सहायता समूहों ने इस पर नागरिकों पर अत्याचार का आरोप लगाया है। हाल ही में, यूके के खुफिया अधिकारियों के हवाले से रिपोर्टों ने सुझाव दिया कि सैन्य कंपनी यूक्रेन युद्ध के लिए एचआईवी और हेपेटाइटिस सी सहित संक्रामक रोगों से पीड़ित रूसी कैदियों की भर्ती कर रही है।



ब्राजील में राष्ट्रपति चुनावों में जेयर बोलसोनारो के हारने पर उत्साहित प्रदर्शनकारी।

## रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण 140 लाख लोगों को पलायन को मजबूर

**न्यूयॉर्क ।** रूस-यूक्रेन युद्ध ने लगभग 140 लाख लोगों को पलायन के लिए मजबूर किया है। इससे दुनिया भर में शरणार्थियों और विस्थापित लोगों की संख्या में 10 करोड़ 30 लाख से अधिक की वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी के प्रमुख ने इसकी जानकारी दी। शरणार्थियों के लिए यूएन के उच्चायुक्त फिलिपो ने परिषद को बताया कि यूक्रेन अत्यंत कठिन परिस्थितियों में दुनिया की सबसे कठोर सर्दियों में से एक का सामना करने जा रहा है। इसमें नागरिकों के लिए बुनियादी ढांचों का निरंतर विनाश भी शामिल है।

मानवीय संगठनों ने हाल ही में अपनी ओर से प्रतिक्रिया को बढ़ावा दिया है। ग्रैंडी ने कहा कि बहुत कुछ किया जाना चाहिए, जिसकी शुरुआत इस संवेदनहीन युद्ध की समाप्ति से होनी चाहिए। ग्रैंडी ने कहा कि उनकी एजेंसी यूक्रेन के अंदर और बाहर दोनों जगह भारी संख्या में लोगों की आवाजाही को लेकर तैयारी कर रही है। अपनी व्यापक ब्रीफिंग में ग्रैंडी ने संयुक्त राष्ट्र के सबसे शक्तिशाली निकाय के सदस्यों से कहा कि यूक्रेन लगातार सुर्खियां बटोर रहा है, लेकिन उनकी एजेंसी ने पिछले 12 महीनों में दुनिया भर में संघर्षों से उत्पन्न 37 आपात स्थितियों का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि फिर भी अन्य संकट समान अंतरराष्ट्रीय ध्यान, आक्रोश, संसाधन, कार्रवाई में विफल रहे हैं।

## पाकिस्तान में रैली के दौरान फायरिंग में घायल हुए इमरान खान, अस्पताल में कराया गया भर्ती, हमलावर गिरफ्तार

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**

पाकिस्तान के वजीराबाद में अपनी 'असली आजादी' रैली के दौरान गुरुवार को हुई फायरिंग में पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के पैर में चोट लग गई। एआरवाई न्यूज के मुताबिक घटना जफराली खान चौक पर हुई। घटना में चार अन्य घायल भी हुए हैं। पाकिस्तान में इमरान खान अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सरकार के खिलाफ रैली निकाल रहे थे इसी दौरान उन पर किसी अज्ञात ने फायरिंग कर दी। इमरान खान को केवल पैर पर चोट आयी हैं। वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्हें दूसरी गाड़ी में शिफ्ट करके अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया हैं। पीटीआई नेता फवाद चौधरी ने कहा कि बदमाशों ने इमरान खान पर एके-47 से गोली मारी गयी। उन्होंने कहा कि यह एक 'लक्षित हमला' था। पूर्व मंत्री असद उमर के अनुसार, इमरान खान को लाहौर के अस्पताल ले जाया गया।



घटना के तुरंत बाद, इमरान खान को कंटेनर से बुलेटप्रूफ वाहन में स्थानांतरित कर दिया गया। रैली के वीडियो में इमरान खान को ट्रांसफर करते हुए देखा जा सकता है। डॉन न्यूज टीवी ने गुरुवार को बताया कि अज्ञात हमलावरों ने वजीराबाद में अल्लाह हो चौक के पास पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान के कंटेनर पर गोलियां चला दीं। DawnNewsTV ने बताया है कि पार्टी प्रमुख इमरान खान के कंटेनर के पास फायरिंग में PTI नेता फैसल जावेद घायल हो गए। चैनल ने कहा कि अन्य लोगों के भी घायल होने की आशंका है। पीटीआई के फारुख हबीब ने कहा है कि वजीराबाद में उनके कंटेनर के पास फायरिंग में पार्टी प्रमुख इमरान खान घायल हो गए हैं। पीटीआई नेता अजहर मशवानी ने कहा है कि पीटीआई प्रमुख इमरान खान सुरक्षित हैं जबकि अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है

## पैसा के लिए कटोरा लेकर चीन पहुंचे शहबाज शरीफ, राष्ट्रपति जिनपिंग ने सुना दी खरी-खरी

**बीजिंग (एजेंसी)।**

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीन के दौरे पर गए। इस दौरान उन्होंने बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। प्रधानमंत्री बनने के बाद शरीफ की ये पहली चीन यात्रा है, जहां दोनों देशों के नेताओं के बीच बैठक हुई है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों नेताओं ने बैठक के दौरान चीन पाकिस्तान की सदाबहार दोस्ती और 60 अरब अमेरिकी डॉलर के सीपीईसी कॉरिडोर को मजबूत करने पर सहमति जाहिर की है।पीएम शरीफ अपने दो दिवसीय दौरे पर 1 नवंबर को बीजिंग पहुंचे। शरीफ चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग को लगातार तीसरी बार शीर्ष पद पर निर्वाचित होने पर बधाई देने के लिए चीन गए हैं। जिनपिंग ने उन्हें अपने नागरिकों की सुरक्षा की नसीहत दे दी है। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर हमले को लेकर राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शरीफ को खरी खरी सुना डाली है। चीन पहुंचे शरीफ तका सा मुंह लेकर रह गए। सीपीईसी को आगे बढ़ाने को आगे बढ़ाने पर है और नादान पाकिस्तान उम्मीद कर रहा है कि इस बहाने उसकी खस्ता हाल अर्थव्यवस्था को कुछ राहत मिल जाएगी। जिनपिंग ने कहा कि मैं पाकिस्तान में चीन के लोगों की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हूं और उम्मीद करता हूं कि पाकिस्तान चीनी संस्थानों और सहयोग के लिए पाकिस्तान जाने वाले लोगों के लिए भरोसेमंद एवं सुरक्षित माहौल प्रदान करेगा।

दोनों देशों ने कराची से पेशावर के बीच रेल मार्ग की 10 अरब डॉलर लागत वाली परियोजना पर आगे बढ़ने का फैसला किया है। चीन ने पाकिस्तान को सुरक्षा आर्थिक मदद जारी रखने का वादा किया है। शहबाज सदाबहार दोस्त चीन के साथ पाकिस्तान के रिश्ते मजबूत करना चाहते हैं। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर काम 2013 में शुरू हुआ था। इसके तहत पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से चीन के काशगर तक 60 अरब डॉलर की लागत से कॉरिडोर बनाया गया। इसके जरिए चीन की अरब सागर ते दौरान तक पहुंच होगी।

## अफगानिस्तान में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को विस्तार देने की योजना, भारत का विरोध

**लंदन। (एजेंसी)।**

बीजिंग (ईएमएस)। संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के मुद्दों पर भारत के विरोध के बावजूद पाकिस्तान और चीन ने अफगानिस्तान में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का विस्तार करने की योजना पर आगे बढ़ने का फैसला किया है। बता दें कि सीपीईसी चीन की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य प्राचीन व्यापार मार्गों को फिर से सक्रिय करना है। भारत ने लगातार 60 अरब अमरीकी डालर की परियोजना का विरोध किया है। यह परियोजन बलूचिस्तान में पाकिस्तान के दक्षिणी ग्वादर बंदरगाह को चीन के पश्चिमी शिनजियांग से जोड़ता है और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरता है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बीजिंग की आधिकारिक यात्रा के दौरान चीन ने पाकिस्तान को देश की स्थायी आर्थिक और रणनीतिक परियोजनाओं के लिए अपने निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, बीजिंग में पीपुल्स ग्रेट हॉल में शहबाज शरीफ के साथ बैठक के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रीमियर ली केकियांग ने ये प्रतिबद्धताएं व्यक्त की हैं। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्षों ने अफगानिस्तान की विदेशी वित्तीय संपत्तियों को मुक्त करने सहित अफगानिस्तान को निरंतर सहायता प्रदान करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की आवश्यकता को रेखांकित किया। दोनों पक्ष अफगान लोगों के लिए अपनी मानवीय और आर्थिक सहायता जारी रखने और अफगानिस्तान में विकास सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए।÷ दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान में सीपीईसी के विस्तार को लेकर बात की है। जुलाई में सीपीईसी के विस्तार की रिपोर्ट सामने आने के बाद भारत ने किसी तीसरे देश में सीपीईसी परियोजनाओं के विस्तार पर कड़ी आपत्ति जताकर इसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के बारे में चिंता व्यक्त की।

## इजराइल चुनाव: 90 प्रतिशत वोटों की गिनती पूरी होने के साथ नेतन्याहू सत्ता में वापसी की ओर

**यरुशलम (एजेंसी)।**



इजराइल के आम चुनाव में करीब 90 प्रतिशत मतपत्रों की गिनती के साथ, अनुभवी राजनेता बेंजामिन नेतन्याहू दोबारा से प्रधानमंत्री बनने की ओर बढ़ रहे हैं। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। दरअसल, इजराइल की संसद में 120 सीटें हैं। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी और उसके सहयोगियों के इनमें से 65 सीटें जीतने का अनुमान है। 'यरुशलम पोस्ट' अखबार ने केंद्रीय निर्वाचन समिति के आंकड़ों के हवाले से कहा कि लिकुड पार्टी के नेता नेतन्याहू (73) लगभग 90 फीसदी मतपत्रों की गिनती के बाद निश्चित तौर पर इजराइल के अगले प्रधानमंत्री होंगे।नेतन्याहू गठबंधन में 65 एमके (इजरायल की संसद के सदस्य) शामिल होंगे, जबकि लैपिड ब्लॉक में 50 और हदाश-ताल में पांच शामिल होंगे। बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 88.6 प्रतिशत मतों की गिनती के बाद, लिकुड के पास 32, येश अतीद के पास 24, रिलीजियस ज़ियोनिज़्म पार्टी (आरजेडपी) के पास 14, राष्ट्रीय एकता के पास 12, शास के पास 11, यूनाइटेड टोरा यहूदी धर्म (यूटीजे) के पास आठ, यिसराइल बेयटेनु के पास पांच, राम के पास पांच, हदाश-ताल के पास पांच और श्रम के पास चार सीटें थीं। टाइम्स ऑफ इज़राइल अखबार के अनुसार, नेतन्याहू नीत गठबंधन में महिलाओं की संख्या में भारी गिरावट रहेगी। वर्तमान परिणाम नौ महिला एमके को उन पार्टियों में दिखा रहे हैं जो पूर्व प्रधानमंत्री का समर्थन करती हैं, जिसमें अति-रूढ़िवादी गुटों में से कोई भी नहीं है। इन परिणामों के आधार पर, संभावित नेतन्याहू के नेतृत्व वाले गठबंधन में नौ महिला सदस्य होंगी, जिसमें छह उनकी लिकुड पार्टी में और तीन अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स गुट से, हालांकि यह आंकड़ा मंत्री स्तरीय नियुक्तियों के माध्यम से बढ़ सकता है। मतदान बाद के सर्वेक्षणों में अनुमान लगाया गया था कि नेतन्याहू समर्थक पार्टियां 65 सीटें जीत सकती हैं। गठबंधन में नेतन्याहू की लिकुड पार्टी, फार राइट रिलिजीयस जियोनिज़्म/जेविश पावर, अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स पार्टी शास और यूनाइटेड टोरा जुदाइस्म शामिल हैं। इजराइल में 2019 में 73 वर्षीय नेतन्याहू पर रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी एवं विश्वासघात के आरोप लगने के बाद से राजनीतिक गतिरोध चला आ रहा है। नेतन्याहू इजराइल के सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री रहे हैं, जिन्होंने लगातार 12 वर्षों तक शासन किया - और कुल मिलाकर 15 साल तक देश पर शासन किया। उन्हें पिछले साल सत्ता से हटना पड़ा था।

## यूक्रेन संघर्ष ने राजनीतिक रूप से लाभ उठाने की गुंजाइश बढ़ा दी है: जयशंकर

**बीजिंग (एजेंसी)।**

कोलकाता। विदेश मंत्री एस जयशंकर का मानना है कि यूक्रेन संघर्ष ने राजनीतिक रूप से लाभ उठाने की गुंजाइश को नाटकीय तरीके से बढ़ा दिया है जहां व्यापार, ऋण और पर्यटन का इस्तेमाल दबाव वाले बिंदुओं के रूप में किया जा रहा है। जयशंकर ने रूस-यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष पर कहा कि वैश्वीकरण के राजनीतिक परिणामों ने प्रतिकूल असर डाला है और दुनिया रणनीतिक स्वायत्तता में फिर से हित तलाश रही है। उन्होंने बुधवार रात को आईआईएम कलकत्ता में एक व्याख्यान देते हुए कहा, '' वैश्वीकरण का अनौचित्य और कोविड का दबाव यूक्रेन के घटनाक्रम के कारण चीजों की कमी होने और लागत अधिक होने से और बढ़ा है। परिणामस्वरूप हम एक अधिक अनिश्चित और असुरक्षित अस्तित्व की ओर बढ़े हैं।''

भारत ने रूस-यूक्रेन जंग पर तटस्थ रुख अपनाया है। भारत ने शांति की तथा कूटनीति के माध्यम से जंग को समाप्त करने की जरूरत बताई है। जयशंकर ने कहा कि व्यापार से लेकर पर्यटन तक हर चीज का 'शस्त्रीकरण' अंतरराष्ट्रीय मामलों में और अधिक बदलाव ला रहा है। उन्होंने कहा, ''पिछले कुछ सालों में हमने देखा है कि किस तरह व्यापार, संपर्क, ऋण, संसाधन और यहां तक पर्यटन भी राजनीतिक दबाव के बिंदु बन गये हैं। यूक्रेन संघर्ष ने राजनीतिक रूप से लाभ उठाने की गुंजाइश को बढ़ा दिया है।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के पास अब वैश्विक परिदृश्य को आकार देने की क्षमता है और उसकी यह जिम्मेदारी भी है जैसा कि चतुष्कोणीय सुरक्षा संवाद (क्यूएसडी) या क्वाड जैसी प्रणालियों में व्यक्त किया गया है।

जयशंकर ने कहा, ''भारत न केवल अपने कल्याण के लिए खड़ा है बल्कि वैश्विक दक्षिण की ओर से भी बोलता है।'' उन्होंने कहा कि भारत की जाहिर तौर पर वैश्विक राजनीति में तनाव को कम करने में हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा, ''हमारे पास अब वैश्विक परिदृश्य को आकार देने की क्षमता है और यह हमारी जिम्मेदारी है। यह हिंद-प्रशांत जैसी नयी अवधारणाओं में व्यक्त किया गया है, क्वाड या आई2यू2 जैसी प्रणालियों में व्यक्त किया गया है या अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी पहलों में व्यक्त किया गया है। आर्थिक मोर्चे पर हम दुनिया के साथ सहभागिता के तरीके और सीमा को लेकर विवेकपूर्ण रहे हैं।'' आई2यू2 समूह में भारत, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका हैं। इसका पहला डिजिटल सम्मेलन इस साल जुलाई में आयोजित किया गया था। क्वाड ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच रणनीतिक सुरक्षा संवाद का मंच है।

जयशंकर ने कहा, ''भारत में बड़ा हिस्सा संवेदनशील आबादी का है। देश को प्रमुख नकारात्मक प्रवृत्तियों के प्रभाव को कम करना होगा। हम अपने कल्याण के लिए खड़े होते हैं और वैश्विक दक्षिण की ओर से भी बोलते हैं।'' ताइवान को लेकर भारत के



कूटनीतिक रुख को जानना चाह रहे एक छात्र से बातचीत में विदेश मंत्री ने कहा कि देश को सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास के लिए माहौल बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''आज दुनिया में सेमीकंडक्टर पर बड़ी बहस हो रही है। भारत में हमने इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन शुरू किया है। सरकार की ओर से भारतीय उद्योग को प्रोत्साहित करने के प्रयास किये जा रहे हैं ताकि विदेशी प्रौद्योगिकी साझेदारों, चिप मालिकों के साथ साझेदारी बढ़ाई जा सके।'' जयशंकर ने कहा, ''लेकिन इसके लिए न केवल भौतिक माहौल जरूरी है बल्कि मानवीय प्रतिभा के लिए ज्ञान का वातावरण भी जरूरी है।

## सार समाचार

### सेना ने पुंछ में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया, एक आतंकवादी मारा गया

जम्मू। सेना ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और इस दौरान हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा, आज लगभग 10 बजे, सेना के सतर्क जवानों ने पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर कुछ व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियां देखीं। वे लोग नियंत्रण रेखा को पार कर भारतीय सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे।'' प्रवक्ता के अनुसार सैनिकों ने घुसपैठियों को ललकारा जिन्होंने जवानों पर गोलियां चलाईं। इसके बाद हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। उन्होंने बताया कि आतंकवादी का शव बरामद कर लिया गया है। घटनास्थल से दो एके-47 राइफल, एक पिस्तौल और अन्य साजोसामान भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान अभी जारी है और इलाके में तलाशी ली जा रही है।

### देश भर के सैकड़ों लोगों के अश्लील वीडियो बना चुके गिरोह का भंडाफोड़, राजस्थान से चार बदमाश गिरफ्तार

इंदौर। धन ऐंठने के लिए देश भर के सैकड़ों लोगों के अश्लील वीडियो बना चुके गिरोह का मध्यप्रदेश पुलिस ने बृहस्पतिवार को खुलासा किया। इस गिरोह के चार लोगों को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया जिन्होंने वीडियो कॉल करने के लिए महज छह महीने के भीतर 1,100 से ज्यादा मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इंदौर के पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया कि राजस्थान के भरतपुर जिले से गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रईस, जीशान, यासिब और हारून खान के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि केवल नौवीं-दसवीं कक्षा तक पढ़े चारों आरोपी राजस्थान के भरतपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में गिरोह चला रहे थे। पुलिस आयुक्त ने बताया, ''गिरोह की सक्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसके सदस्यों ने महज छह महीनों में अलग-अलग आईएमईआई नंबर वाले 1,100 से ज्यादा मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया है। गिरोह ने इन उपकरणों के जरिये वीडियो कॉल करके देश भर के सैकड़ों लोगों के अश्लील वीडियो बनाए हैं। उन्होंने बताया कि वैवाहिक वेबसाइट और सोशल मीडिया पर महिलाओं के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर गिरोह अपने शिकार खोजता था। पुलिस आयुक्त ने बताया, ''गिरोह के सदस्य लोगों के मोबाइल नंबर हासिल करने के बाद उन्हें महिलाओं के नाम से वीडियो कॉल करते थे। कॉल के दौरान एक महिला का पहले से बनाया गया अश्लील वीडियो चला दिया जाता था और मोबाइल स्क्रीन को रिकॉर्ड कर लिया जाता था।'' मिश्रा ने बताया कि मोबाइल स्क्रीन रिकॉर्ड कर तैयार अश्लील वीडियो के आधार पर संबंधित व्यक्ति को धमकी दी जाती थी कि अगर उसने तय रकम नहीं चुकाई तो यह वीडियो उसके परिजनों और परिचितों को भेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सितम्बर में गिरोह के जाल में फंसे 59 वर्षीय व्यक्ति ने ऐसी धमकियों से प्रताड़ित होकर इंदौर के राजेंद्र नगर क्षेत्र में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

### मुंबई एयरपोर्ट पर चार करोड़ का जूता जब्त

मुंबई, । शीर्षक पढ़कर आप चौंक गए होंगे. क्योंकि चांदी का चम्मच होता है यह तो अक्सर देखा सुना जाता रहा है. लेकिन अब तो जूता भी करोड़ों का हो गया है. जी हाँ, कस्टम विभाग ने एक ऐसा जूता पकड़ा है जो अगर किसी के हाथ लग जाता तो वह, 4 करोड़ का मालिक बन जाता. यह मामला है मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का. जहां गुप्त सूचना के आधार पर इस चार करोड़ 10 लाख के जूते को जब्त करने वाली कस्टम विभाग की टीमें भी हैरान हैं, कि इंसान जुगाड़ किस हद तक का कर सकता है. दरअसल कुछ समय से इस जूते को भारत से दुबई ले जाने की खबरें तो कस्टम टीमों को मिल रही थीं. इसके बाद भी तमाम सतर्कता रखने पर भी कई दिन से यह कीमती जूता हाथ नहीं आ रहा था. अब जाकर जब जूते को जब्त किया गया तब कहीं जाकर कस्टम विभाग को चैन की सांस आई है. दरअसल कस्टम विभाग को डर था कि तमाम चाक-चौबंदी के बाद भी यह चार-करोड़ का जूता किसी तरह से देश के बाहर न निकल जाए. क्योंकि, इस जूते के बारे में पक्की जानकारी थी. जानकारी होने के बाद भी अगर जूता देश से बाहर चला गया होता. तो कस्टम विभाग की बड़ी बेइज्जती होती. घटना के मुताबिक यह वही जूता है जिसके अंदर छिपे कस्टम टीमों ने चार करोड़ एक लाख रुपए जब्त किए हैं. यह बरामदगी बुधवार को हुई है. मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इतनी भारी रकम के जब्त जूते के अंदर यह रकम छिपाई गई थी. डॉलर में यह रकम करीब 4 लाख 97 हजार है. यह रकम भारत से दुबई जाने वाले एक यात्री के पास से मिली है, फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. जब कस्टम विभाग ने यह धर-पकड़ की उस वक्त तीन लोग बिना किसी सामान के एयरपोर्ट पर पहुंचे थे. जिनका पहनावा भी बेहद साधारण सा ही था. उन तीनों की चाल भी बदली-बदली सी लग रही थी. अब बिना सामान के भला कोई यात्री एयरपोर्ट पर कैसे और क्यों जाएगा? इस सवाल का जवाब तलाशने में जुटी कस्टम टीमों ने फिर भी, शक दूर करने के लिए उन तीनों को रोककर पूछताछ शुरु कर दी. उनमें से एक के जूते उतरवा कर जब उन्हें जांचा गया तो पता चला कि जूते के भीतर तो 4 लाख 97 हजार डॉलर भरे हुए हैं. भारत में जिनकी कीमत करीब 4 करोड़ 10 लाख है. जांच में पता चला है कि जूते के नीचे उसकी तली लगी होने के बजाए, डॉलर्स की ही तली बना रखी थी. जिस पर किसी की नजर आसानी से पड़नी ही नहीं थी.

### बंबई उच्च न्यायालय का नाम बदलने की मांग वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने बंबई उच्च न्यायालय का नाम बदलकर महाराष्ट्र उच्च न्यायालय करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने एक पूर्व न्यायाधीश द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा, ये कानून निर्माताओं द्वारा तय करने के मुद्दे हैं। इस यहां लाने के लिए आपको किस मौलिक अधिकार का पूर्वाग्रह है? 26 वर्षों तक न्यायाधीश के रूप में कार्य करने वाले ठाणे के वीपी पाटिल द्वारा दायर याचिका में अधिकारियों को महाराष्ट्र के लोगों की विशिष्ट संस्कृति, विरासत और परंपराओं के संरक्षण के लिए महाराष्ट्र अनुकूलन कानून (राज्य और समवर्ती विषय) आदेश, 1960 के एक खंड के कार्यान्वियन के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

### 5 नवंबर सरकारी आवास सौंप दूंगा, पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने कोर्ट को बताया


नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी सरकारी आवास छोड़ने के लिए राजी हो गए हैं। उन्होंने कोर्ट को बताया है कि वह 5 नवंबर यानी शनिवार को सरकारी आवास सौंप दूंगा। वहीं, केंद्र ने दिल्ली उच्च न्यायालय को अवगत कराया कि स्वामी के निजी आवास पर सुरक्षा संबंधी सभी इंतजाम किए गए हैं। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा है कि सुरक्षा एजेंसियां भी व्यवस्थाओं से संतुष्ट हैं। स्वामी ने उपयुक्त सुरक्षा प्रदान करने में केंद्र की विफलता को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। स्वामी ने कहा था कि केंद्र ने पहले के आश्वासन के बावजूद उनके उस आवास पर कोई सुरक्षा मुहैया नहीं कराई, जिसमें वह सरकारी बंगले को छोड़ने के बाद रहने वाले हैं। स्वामी को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। उन्होंने सुरक्षा खतरों का हवाला देकर सरकारी बंगले के पुन-आवंटन के लिए अदालत का रुख किया था। बता दें कि राज्यसभा सदस्य के रूप में स्वामी का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो गया था। स्वामी का प्रतिनिधित्व करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत मेहता ने अदालत को बताया था कि जब अदालत की एकल पीठ ने पूर्व सांसद को बंगला खाली करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया था, तब केंद्र ने आश्वासन दिया था कि उनके घर में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। उनके वकील ने सुरक्षा इंतजाम पर सवाल उठया था। इससे पहले उनके सरकारी बंगले को खाली करने की आखिरी तारीख 26 अक्टूबर थी।

### शिवसेना के विद्रोही गुट की याचिका पर 29 नवंबर को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

मुंबई । सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र राजनीतिक संकट के संबंध में शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी समूहों द्वारा दायर याचिकाओं का एक बैच 29 नवंबर के लिए पोस्ट किया। शीर्ष अदालत ने वकीलों से मामले का संकलन पूरा करने और मुख्य मुद्दों को चार सप्ताह के भीतर विचार के लिए तैयार करने को कहा।

# हिमाचल में रैली के दौरान लगने लगे पीओके चाहिए के नारे, राजनाथ ने कहा- धैर्य रखिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



हिमाचल प्रदेश के जयसिंघपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आजाद भारत में नेताओं की कथनी और करनी में अंतर होने के कारण भारत की राजनीति और नेताओं पर से जनता का विश्वास समाप्त हो गया। इस विश्वास के संकट को चुनौती के रूप में भाजपा ने स्वीकार किया है। हिमाचल प्रदेश के जयसिंघपुर में चुनावी जनसभा के दौरान लोगों ने 'पीओके चाहिए पीओके' के नारे लगाए। जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा 'धैर्य रखिए धैर्य।'

राजनाथ सिंह ने कहा कि वो दावे के साथ कह सकते हैं कि आज भी सीमा पर जरूरत होगी, अगर फौज को कहीं से भी कोई कमाई दिखाई देगी तो हमारे पूर्व सैनिक आज भी सीमाओं पर जाने के लिए तैयार रहते हैं। ऐसे ऐसे सैनिकों को हमने देखा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 2020 में हमारे सैनिकों ने चीन को मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतीय जनता पार्टी ने देश के विकास के साथ साथ भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए भी काम किया है। आज अयोध्या में भव्य राम का मंदिर बन रहा है। काशी विश्वनाथ धाम हो, उज्जैन हो या सोमनाथ सभी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों का विकास किया गया है। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगायी है। मैं यह नहीं कहता कि हमने भ्रष्टाचार का पूरी तरह समाप्त कर दिया है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगने के लिए हमने सिस्टम में बदलाव किया है। आज दिल्ली से सौ पैसा चलता है तो सौ का सौ पैसा जनता के खाते में पहुँच जाता है। आज हिमाचल प्रदेश में एक नहीं छह छह मेडिकल कालेज या तो खुल चुके हैं या खोले जा रहे हैं। यहाँ एम्स भी खुल गया है।

# महाराष्ट्र के लिए केंद्र सरकार की 2 लाख करोड़ की योजना, पीएम मोदी ने की घोषणा

**मुंबई (एजेंसी)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में महाराष्ट्र के युवाओं के लिए रोजगार के ज्यादा अवसर पैदा होंगे. उन्होंने कहा, ' केंद्र सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर पर काफी खर्च कर रही है. इससे रोजगार के लाखों अवसर पैदा होने जा रहे हैं.' पीएम मोदी ने कहा, 'स्टार्टअप, लघु उद्योगों को सरकार हर संभव मदद दे रही है. इससे बड़ी तादाद में युवाओं को अपना स्किल दिखाने का मौका मिलेगा. सरकार की कोशिशों के तहत रोजगार के ये अवसर दलित, आदिवासी और महिलाओं को समान रूप से उपलब्ध होंगे.' उन्होंने कहा कि रोजगार की समस्या को कुछ हद तक दूर करने की कोशिश की जा रही है. महाराष्ट्र में 2 लाख करोड़ रुपए के 225 प्रोजेक्ट्स मंजूर किए गए हैं. दरअसल मुंबई में रोजगार मेला आयोजित किया गया. इस मेले में दो हजार से ज्यादा लोगों को नियुक्ति पत्र दिए गए. इसी मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने विचार प्रकट किये. मुंबई के यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय रोजगार मेला में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा,' आज देश भर में इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं, इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी और अन्य क्षेत्रों में सरकार बड़े पैमाने पर निवेश कर रही है. इस वजह से रोजगार के कई नए अवसर पैदा हो रहे हैं. महाराष्ट्र में 2 लाख करोड़ से ज्यादाके 225 प्रोजेक्ट्स मंजूर किए गए हैं. इन प्रोजेक्ट्स पर काम या तो शुरू हैं या जल्दी ही शुरू होने वाले हैं. महाराष्ट्र में रेलवे के लिए 75 हजार करोड़ और सड़क विकास के लिए 50 हजार करोड़ की निधि दी गई है.' पीएम मोदी ने यह भी कहा, 'पिछले आठ सालों में 8 करोड़ महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप से जोड़ी गई हैं. उन्हें साढ़े पांच लाख करोड़ की मदद दी गई है. इस ग्रुप से जुड़ी महिलाएं अन्य महिलाओं को भी रोजगार दे रही हैं.'

# अक्टूबर 2022 तक सुरक्षाबलों ने 176 आतंकियों को मार गिराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं पर लगाम लगाने सुरक्षा बलों द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक अक्टूबर 2022 तक सुरक्षाबलों ने 176 आतंकियों को मार गिराया है। हालांकि घाटी में टारगेट किलिंग और विदेशी आतंकियों की बढ़ी तादाद अभी भी सुरक्षा बलों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक सुरक्षा बलों को आतंकियों पर लगाम लगाने में काफी हद तक सफलता मिल रही है। जम्मू-कश्मीर में इस साल सुरक्षा बलों के साथ हुए एनकाउंटर में 176 आतंकी मारे गए हैं। इनमें 50 विदेशी और 126 लोकल आतंकी शामिल हैं।

खुफिया सूत्रों के मुताबिक घाटी में अभी भी 134 आतंकी सक्रिय हैं। इसमें 51 लोकल और 83 विदेशी यानी पाकिस्तानी मूल के आतंकी शामिल हैं। विदेशी आतंकियों की तादाद कुछ समय से बढ़ी है। वहीं साल 2021 में सुरक्षा बलों ने 146 आतंकियों को मुठभेड़ में मार गिराया था।

आईएसआई और आतंकी संगठन भारत में घुसपैठ के नए तरीके अपना रहे हैं। दरअसल कश्मीर घाटी में अब लोकल आतंकी दिन प्रतिदिन कम हो रहे हैं, इसकारण पाकिस्तानी मूल के आतंकियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में सीमा पार कराने का प्रयास हो रहा है। इससे निपटने के लिए सुरक्षा एजेंसियां भी चौकन्नी हो गई हैं। वहीं सुरक्षा बलों का दावा है कि हाल-फिलहाल कोई बड़ी घुसपैठ नहीं हुई है। इसके बावजूद वहां पर लोकल दहशतगर्दों के मुकाबले, विदेशी आतंकियों की संख्या ज्यादा होना चिंता का विषय बना हुआ है।

# डेंगू मरीजों के लिए प्लेटलेटस और बेड की कोई कमी नहीं: बृजेश पाठक

**लखनऊ ।** उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि राज्य में इस वक्त डेंगू के सात हजार मरीज हैं, इन मरीजों के इलाज के लिए प्लेटलेट्स, रक्त और बेड की कोई कमी नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी (सपा) राजनीतिक लाभ के लिए डेंगू को लेकर लोगों में घबराहट पैदा कर रही है। पाठक ने कहा, लोगों में मीडिया की वजह से डेंगू को लेकर घबराहट है।

पिछले साल अक्टूबर में प्रदेश में डेंगू के 17 से 18 हजार मरीज थे। बुधवार रात तक के आंकड़े के मुताबिक राज्य में इस वक्त डेंगू के सात हजार मरीज हैं। उन्होंने कहा, सभी अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि वे जरूरत पड़ने पर डेंगू के मरीजों को भर्ती करें। मरीजों के लिए प्लेटलेट्स, रक्त और बेड की कोई कमी नहीं है। पाठक ने कहा, मीडिया में ऐसी खबरें हैं कि कोई और भी बुखार है, जो डेंगू से ज्यादा खतरनाक है। मैंने इस बारे में विशेषज्ञों से पूछा।

दरअसल, यह भ्रामक बात है। मौसम बदलने की वजह से लोगों को वायरल बुखार हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सियासी फायदा लेने के लिए डेंगू को लेकर लोगों में भ्रम और घबराहट फैला रही है। उपमुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे डेंगू का प्रसार रोकने के लिए अपने स्तर पर भी प्रयास करें और कहीं पर भी पानी जमा न होने दें।

# लाल किले पर हमले के आरोपी आरिफ की मौत की सजा बरकरार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

साल 2000 में हुए लाल किले पर हमले के मामले में दोषी मोहम्मद अशफाक आरिफ को सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से इनकार किया है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने आरिफ की मौत की सजा को बरकरार रखा। मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित की अगुवाई में सुनवाई कर रही बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया है।

लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी आरिफ को 22 दिसंबर 2000 में लाल किले में सेना के बैरक पर हमले का दोषी पाया गया था। हमले के मास्टरमाइंड आरिफ को साल 2005 में दिल्ली की ट्रायल कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। वहीं, साल 2007 में दिल्ली हाईकोर्ट ने मौत की सजा की पुष्टि कर दी थी। साल 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने भी दोषी की फांसी की सजा को बरकरार रखा था।

दिसंबर 2000 को हुए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई थी। घटना के चार दिनों के बाद आरिफ को पत्नी रेहमाना यूसुफ फारूकी के साथ गिरफ्तार किया गया था। ट्रायल कोर्ट ने साल 2005 में आरिफ सहित 6 लोगों को दोषी पाया गया था। सभी पर हत्या, आपराधिक साजिश और भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के आरोप थे। हालांकि, अरिफ के अलावा अन्य लोगों को कैद मिली थी। साल 2007 में उच्च न्यायालय से भी आरिफ को राहत नहीं मिली। उस दौरान सबूतों के अभाव में अन्य आरोपियों को रिहा कर दिया गया था।

22 साल पहले 22 दिसंबर को कुछ घुसपैठियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी थी और तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। इसमें 7वीं राजपूताना राइफल्स के दो जवान भी शामिल थे। इसके बाद में पाकिस्तानी नागरिक आरिफ को गिरफ्तार किया गया। 10 अगस्त 2011 में भी शीर्ष न्यायालय ने दोष के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

# 23 साल पहले चीन में हुआ था मोरबी जैसा ब्रिज हादसा, आरोपी शख्स को दी गई थी मौत की सजा

**नई दिल्ली।(एजेंसी)।**

गुजरात के मोरबी में हुए ब्रिज हादसे में अब तक 134 लोगों की मौत हो चुकी है। जान गंवाने वाले लोगों के परिजन गुस्से में उबल रहे हैं। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले में अब तक 9 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। भारत में इसतरह के मामलों में सख्त सजा के उदाहरण बहुत कम देखने को मिलते हैं। जांच के नाम पर सरकारी कमेटियां बनती हैं। लेकिन कम्युनिस्ट चाइना में एक इसतरह के मामले में एक शख्स को मौत की सजा दी गई थी। ये मामला लगभग 23 साल पुराना है। चीन के एक शहर में एक पुल गिरने से 40 लोगों की मौत हो गई थी। चीन ने इस मामले की जांच की, तब अपने कानून के अनुसार एक शख्स को दोषी पाकर अदालत ने उस मौत की सजा सुनाई थी।

भारत में मामले में एक्शन की बात करें, तब अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से ज्यादातर वैसे लोग हैं जो इस ब्रिज की मरम्मत से जुड़े हैं। इसमें ओरेवा ग्रुप के दो मैनेजर, और पुल की कथित रूप से मरम्मत करने वाले दो ठेकेदार शामिल हैं। इन्हें अदालत ने शनिवार तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। जबकि पांच अन्य लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

बता दें कि 4 जनवरी 1999 को चीन में एक ब्रिज ढह गया था। रेनबो ब्रिज नाम का 180 मीटर लंबा ये पुल 3 साल पहले ही बनाया गया था। पुल हादसे में 40 लोगों की मौत हो गई थी। चीनी एजेंसियों ने इस ब्रिज हादसे की जांच की, तब इसके निर्माण में कई खामियां सामने आईं। चीनी एजेंसियों ने पाया कि पुल के निर्माण में घटिया क्वालिटी का स्टील लगाया गया था। साथ ही दूसरी सामग्री में खराब गुणवत्ता के थे। स्टील की क्वालिटी खराब थी और निर्माण के दौरान इंजीनियरिंग से जुड़े फैसले लेने में लापरवाही बरती गई थी।

# आज देवउठनी एकादशी, हिन्दु धर्म के अनुसार सभी मांगलिक कार्य हो जाएगें शुरु

**नई दिल्ली।(एजेंसी)।**

हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवउठनी एकादशी का व्रत रखा जाता है। हिन्दु मान्यता के अनुसार इस देवोत्थान एकादशी, हरि प्रबोधनी एकादशी और देवउठनी ग्यारस के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन जगत के पालनकर्ता भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा से जागते हैं, इसकारण इस देवउठनी एकादशी कहा जाता है। देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा कर व्रत रखा जाता है। इस दिन श्रीहरि की पूजा करने और व्रत रखने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। देवोत्थान एकादशी साल में आने वाली सभी 24 एकादशी में सबसे महत्वपूर्ण होती है। इस वर्ष देवोत्थान एकादशी 4 नवंबर यानी शुक्रवार को मनाई जाएगी। एकादशी की तिथि तीन नवंबर यानी गुरुवार रात आठ बजकर 51 मिनट पर लग जाएगी और चार नवंबर शुक्रवार को शाम सात बजकर दो मिनट तक रहेगी। सूर्योदय व्यापिनी तिथि की वजह से हरि प्रबोधिनी एकादशी का व्रत 4 नवंबर को ही होगा। जबकि इसक पारण 5 नवंबर 2022 को होगा। इस दिन तुलसी विवाह का भी आयोजन किया जाता है।

वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य एवं ज्योतिषाचार्य पंडित ने बताया कि धार्मिक ग्रंथों में वर्णित उल्लेख के अनुसार, प्रत्येक वर्ष की आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी जिस देवशयनी या हरिशयनी एकादशी के नाम से जाना जाता है, से जगत के पालनकर्ता श्री हरि विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं और कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की देवोत्थान एकादशी के दिन जागते हैं। इस वर्ष देवशयनी एकादशी 10 जुलाई 2022 को पड़ी थी।

# दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने का हिस्सा बढ़कर 38 फीसद हुआ, इस मौसम में सर्वाधिक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

दिल्ली में पीएम 2.5 प्रदूषण में पराली जलाये जाने का हिस्सा बृहस्पतिवार को बढ़कर 38 फीसद हो गया और विशेषज्ञों का कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी में छाई कोहरे की मोटी परत के पीछे यही वजह है। पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि से राजनीतिक वाकयुद्ध छिड़ गया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि पंजाब में 2021 की तुलना में इस साल पराली जलाने की घटनाएं 19 फीसद बढ़ गयी है और यह भी कि आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी को गैस चैंबर बना दिया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पलटवार करते हुए पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि के लिए केंद्र सरकार को जवाबदेह ठहराया और कहा कि ''यदि वह वायु प्रदूषण नियंत्रित नहीं कर सकती है'', तो उसे इस्तीफा दे देना चाहिए। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत आने वाली मौसम पूर्वानुमान एजेंसी सफर के संस्थापक परियोजना निदेशक गुफरान बेग ने कहा, ''दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने का हिस्सा बढ़कर करीब 38 हो गया है जो बहुत ज्यादा है।'' उन्होंने कहा कि नोएडा में वायु प्रदूषण बदतर है क्योंकि यह पराली जलाने से निकलने वाले धुएं के मार्ग में है। बेग ने कहा, '' गुरूग्राम और लोधी रोड इस धुएं के रास्ते में नहीं हैं , इसलिए वे कम से कम प्रभावित हुए हैं।'' खेतों में पराली जलाये जाने तथा यहां रात में हवा स्थिर रहने के कारण दिल्ली की वायु गुणवत्ता बृहस्पतिवार सुबह गंभीर स्थिति में पहुंच गयी।सुबह नौ बजे यहां वायु गुणवत्ता 419 रही। बेग ने कहा, '' दिल्ली में संपूर्ण वायु गुणवत्ता शुक्रवार सुबह तक गंभीर श्रेणी में रहेगी। उसके बाद थोड़ा सुधार होगा।

मौसमीय दशाओं -- हवा की गति एवं रफ्तार में संभावित सुधार के बाद शनिवार को बड़ी राहत मिलने की संभावना है।'' चार सौ से ऊपर का वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर माना जाता है और वह स्वस्थ लोगों को प्रभावित कर सकता है एवं पहले से बीमार लोगों पर बहुत बुरा असर डालता है। शिकागो विश्वविद्यालय के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की से जारी वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक के अनुसार दिल्ली के लोगों की जीवन प्रत्याशा घटिया वायु गुणवत्ता के चलते 10 साल घट गयी है। पंजाब में बुधवार को पराली जलाने की 3,634 घटनाएं हुई थीं जो इस मौसम में इस तरह की यह सबसे अधिक घटनाएं हैं। मंगलवार को ऐसी 1842, सोमवार को 2132, रविवार को 1761, शनिवार को 1898 और शुक्रवार को 2067 घटनाएं हुई थीं।



स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

अरविंद नामक व्यक्ति सबसे कम भाव का टेंडर भर कर यह असंभव न्यूनतम मूल्य का टेंडर देकर खाद्यान्न आपूर्ति का ठेका लिया

# सचीन अनाज तस्करी में अनाज माफ़िया के खिलाफ़ क्यों नही सुरत कलेक्टर कर रहे कार्यवाही


गांधीनगर टीम के पदाधिकारियों के सामने यह सब चल रहा है लेकिन कोई कुछ भी कहने को तैयार नहीं है.

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सुरत,सूरत के सचिन इलाके में दिवाली के दौरान सरकारी अनाज (गरीब) की तस्करी का बड़ा खेल सामने आया. जिसमें गांधीनगर आपूर्ति विभाग की टीम सहित सचिन पीआईआरआर देसाई, एसीपी आरएल मवानी और सूरत के जिला कलेक्टर शामिल हुए हैं. पुलिस को ऊपर से आदेश मिलते ही अपराध दर्ज कर आरोपित कर देती है सूत्रों ने बताया है कि दक्षिण गुजरात में मुख्य गोदाम से उप गोदाम तक खाद्यान्न पहुंचाने का मुख्य ठेका 'शाह' वर्चस्ववादी व्यक्ति के पास है और उसकी पहुंच भाजपा के बड़े नेताओं और उच्च स्तरीय अधिकारियों तक है.गरीबों के लिए आ रही सरकार अपने निजी फायदे के लिए अनाज की हेराफेरी करने में 'शाह' के मास्टरमाइंड होने की चर्चा है। पूरे दक्षिण गुजरात में, हर महीने सरकार की नाक के नीचे करोड़ों रुपये की हेराफेरी की जा रही है, जबकि आपूर्ति विभाग ने पुलिस द्वारा अनाज तस्करी करने वाले ट्रकों को जब्त करने के बाद 'आप' के प्रदर्शन को बंद कर दिया है। गोदाम प्रबंधक पी भले ही पूरे कांड में कहीं न कहीं प्रीति चौधरी की भी चर्चा हो रही हो हैं आज भी वे सचिन गोदाम परिसर में खुलेआम घूम रहे हैं और अगर वे गंभीर सबूतों से छेड़छाड़ की गतिविधियों में संलिप्त हैं तो आश्चर्य नहीं होगा।



गुजरात विधानसभा चुनाव में हर महीने लगभग २ करोड़ रुपये बर्बाद हो जाते हैं, तो इस २ करोड़ की राशि का एक हिस्सा किसे मिल सकता है? सरकारी खाद्यान्न की तस्करी से सूरत के जिलाधिकारी आयुष ओक काफी खफा हैं और उन्होंने जांच के आदेश भी दिए हैं. पिछले तीन-चार दिनों से व्यवस्था के अधिकारी इस तरह जांच कर रहे हैं मानो सूँघ रहे हों और सूँघ रहे हों। गोदाम प्रबंधक को नरीक्षण स्थल से दूर रखना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। 'शाह' उपनाम वाला एक व्यक्ति है और सत्ताधारी दल के कुछ नेताओं के साथ-साथ व्यवस्था पहले ही गरीबों की अनाज तस्करी का एक बड़ा मुद्दा सामने आ गया जिसमें हालांकि की अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही होने से कोई बड़े राजनेताओं का आशीर्वाद होने का पुलिस कार्यवाही में देरी हो रही है,जिसकी वह सूरत के जिला कलेक्टर भी हरकत में हैं और गांधीनगर की टीम भी गरीबों के अनाज की जांच में बेहद व्यस्त दिखाई दे रही है. दक्षिण गुजरात में विभिन्न अनाज गोदामों में थोक वितरण से जुड़ें व्अयकित का नाम आने से 'शाह' की पहुंच बहुत अधिक और उच्च लेवल का व्यकित होने के बाद भी है और सूरत के जिला कलेक्टर ने अपनी बाहें डाल दी हैं, लेकिन क्या जिला कलेक्टर 'शाह' की पहुंच के खिलाफ कार्रवाई करेंगे या वह झुकेंगे? सूत्रों से पता चला है कि कांतोल को अनाज पहुंचाने वाला भी पूरे मामले में शामिल है।



विविध गोदाम से कंटोल तक खाद्यान्न की ढुलाई के लिए सबसे कम और असंभव कीमत का टेंडर अरविंद राजपूत ने भरा था जो कुछ जगहों से यह भी स्पष्ट हो रहा है कि सरकार ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए भी मंजूरी दे दी है। यदि न्यूनतम मूल्य की निविदा को भरकर सरकारी प्रणाली द्वारा स्वीकार कर लिया जाता है, तो हालांकि, निविदा को मंजूरी देने वाले अधिकारियों की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है। कहा जाता है कि सरकारी अनाज की तस्करी के उच्च पदस्थ अधिकारियों के साथ सीधे संबंध हैं। यह देखा जाना बाकी है कि सूरत के जिला कलेक्टर 'शाह' की पहचान और पहुंच के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे या हथियार डालेंगे।

## नाबालिग छात्रा से शिक्षक ने दुष्कर्म किया, सूरत पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत,सूरत से शिक्षा क्षेत्र कलंकित करने वाली एक और घटना सामने आई है। विद्या के मंदिर में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के बजाए शिक्षक ने नाबालिग छात्रा को शादी की लालच देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं उसका अपहरण भी किया, लेकिन दूसरे दिन उसे उसके घर के निकट छोड़ दिया। लड़की की पिता की शिकायत के आधार पर सूरत की कीम पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरूकी है। घटना सूरत जिले के कीम गांव के निकट रहनेवाली एक नाबालिग लड़की को स्कूल में पढ़ाने वाले अजीत ओमप्रकाश गुप्ता ने बहला फुसला कर अपने वश में कर लिया।

एक दिन नाबालिग लड़की को अजीत एक फार्महाउस में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के कुछ समय बाद लड़की अपने परिवार के साथ उज्जैन गई थी और वहां से लौटते वक्त इंदौर रेलवे स्टेशन से अजीत गुप्ता ने उसका अपहरण कर लिया। साथ ही उसके पिता को फोन कर दिया कि उसकी बेटी मेरे साथ है, उसकी तलाश मत करना। हांलाकि अपहरण करने के दूसरे दिन अजीत गुप्ता लड़की को उसके घर के निकट छोड़ आया।

घर पहुंचने के बाद लड़की ने अपने पिता से शिक्षक की करतूतों की शिकायत कर दी। जिसके बाद पीड़िता के पिता ने कीम पुलिस थाने में अजीत गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा दी। जिसके आधार पर कीम पुलिस ने आरोपी शिक्षक अजीत गुप्ता को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरूकी है।

## वाहन चोर गिरोह के 5 शख्स 7 मोटर साइकिलों के साथ गिरफ्तार, होमगार्ड का एक जवान भी शामिल

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत,शहर की वराछा पुलिस ने कूबेरनगर क्षेत्र से 5 शख्सों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शख्स वाहन चोर गिरोह के सदस्य हैं और इनके पास से पुलिस ने चोरी की 7 मोटर साइकिलें भी बरामद की हैं। सूरत शहर में वाहन चोरी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और आए दिन शहर के किसी न किसी पुलिस थाने में वाहन चोरी की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। ऐसे में सूरत की वराछा पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले का पर्दाफाश करते हुए पांच शख्सों को गिरफ्तार कर लिया। वराछा पुलिस को सूचना मिली थी कि कुबेरनगर क्षेत्र में कुछ शख्स खड़े हैं जो वाहन चोरी के मामलों में लिप्त हैं। सूचना के आधार पर वराछा पुलिस ने एक होमगार्ड जवान समेत पांच शख्सों को गिरफ्तार कर लिया। सूरत के कामरेज पुलिस थाने में सेवारत होमगार्ड ने वाहन चोरी के लिए गिरोह बनाया था, जिसमें छगन सरवैया नामक शख्स जो पहले भी वाहन चोरी के मामलों में पकड़ा जा चुका है। इसके अलावा धीरूवावडिया के साथ मिलकर तीनों शख्ससूरत शहर जिलों में वाहनों की चोरी करते थे। चोरी के वाहन कबाड़ का गोदाम चलाने वाले शब्बीर सरवैया और मोहमद रफीक को बेच देते थे। शब्बीर और मोहमद वाहनों को क्रश कर उसे बेच देते थे।

पुलिस ने इन पांच आरोपियों के साथ 7 मोटर साइकिलें भी बरामद की हैं। जिसमें 5 बाइक यथावत स्थिति में हैं और दो बाइक क्रश की हुई मिली हैं| पूछताछ में खुलासा हुआ कि अपने मौज-शौक पूरे करने लिए आरोपी वाहन चुराते थे।

## मुंबई से ड्रग्स लेकर आया शख्स सूरत में डिलीवरी करे उससे पहले पुलिस ने उसे धरदबोचा

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत,मुंबई से ड्रग्स लेकर आया शख्स सूरत में डिलीवरी करे उससे पहले सारोली पुलिस ने उसे दबोच लिया। पकड़े गए शख्स के पास से 800 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुआ है। पुलिस ने अलग अलग टीमें बनाकर मुंबई से ड्रग्स भेजने वाले और सूरत में इसकी डिलीवरी लेने वाले शख्सों को गिरफ्तार करने की कवायद तेज कर दी है। बता दें कि सूरत पुलिस ने ड्रग्स के खिलाफ एक खास अभियान चला रखा है। इसके अंतर्गत नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस बीच सूरत की सारोली पुलिस को सूचना मिली थी कि मुंबई से एक शख्स एमडी ड्रग्स लेकर सूरत आ रहा है।